वर्ष 24, अंक 160, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 20 दिसंबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# हम करते हैं विविधता का सम्मान...

## पीएम मोदी ने ओमान से दुनिया को दिया बड़ा मैसेज

**ओमान**

**ओमान** में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं मेरे सामने एक मिनी इंडिया देख रहा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि ओमान में रहने वाले भारतीय अकसर भारत आते-जाते रहते हैं। आप भारत की हर घटना से अपडेट रहते हैं... आप सभी देख रहे हैं कि आज हमारा भारत कैसे प्रगति की नई गति से आगे बढ़ रहा है। भारत की गति हमारे इरादों में दिख रही है, हमारे प्रदर्शन में नजर आती है। कुछ दिनों पहले ही आर्थिक विकास के आंकड़े आए हैं और आपको पता होगा कि भारत की विकास दर 8% से भी अधिक रही है यानी भारत लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है और ये तब हुआ है जब पूरी दुनिया चुनौतियों से घिरी हुई है। आप सभी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से भी परिचित हैं। यहां ओमान से काफी सारे बच्चे भी इस कार्यक्रम से जुड़ते हैं। मुझे यकीन है कि ये चर्चा आपके काम आती होगी। अभिभावक हों या छात्र, सभी को तनाव मुक्त तरीके से परीक्षा देने में हमारी बातचीत बहुत मदद करती है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के बीच जो रिश्ता व्यापार से शुरू हुआ था आज उसे शिक्षा सशक्त कर रही है। मुझे बताया गया है कि यहां के भारतीय स्कूलों में करीब 46,000 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, इसमें ओमान में रहने वाले अन्य समुदायों के भी




हजारों बच्चे शामिल हैं। ओमान में भारतीय शिक्षा के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ये हम दोनों देशों के संबंधों का एक बहुत बड़ा पड़ाव है। आज हम एक परिवार की तरह एकत्रित हुए हैं। आज हम अपने देश को, अपनी टीम इंडिया को सेलिब्रेट कर रहे हैं।

भारत में हमारी विविधता हमारी संस्कृति का एक मजबूत आधार है। हमारे लिए हर दिन एक नया रंग लेकर आता है, हर मौसम एक नया उत्सव बन जाता है, हर परंपरा एक नई सोच के साथ आती है और यही कारण है कि हम भारतीय कहीं भी जाएं, कहीं भी रहें, हम विविधता का सम्मान करते हैं। हम वहां की संस्कृति, वहां के नियम-कायदों के साथ घुल-मिल जाते हैं। ओमान में भी मैं आज यही होते हुए अपनी आंखों के सामने देख रहा हूं।

### मोदी के स्वागत में ओमान ने उतार दी पूरी फौज, मिला गार्ड ऑफ ऑनर

**ओमान** में यह पल वाकई देखने लायक जब ओमान की सेना ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे सम्मान और शान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जैसे ही प्रधानमंत्री ओमान की राजधानी मस्कट पहुंची एयरपोर्ट पर औपचारिक स्वागत की भव्य तस्वीर सामने आई। ओमान के सैनिकों की सजीध टुकड़ी, अनुशासित कदम ताल और भारत के प्रति सम्मान। सब कुछ इस बात का संकेत था कि भारत और ओमान की दोस्ती कितनी गहरी और मजबूत है। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे हैं। यह उनके तीन देशों के दौरे का तीसरा और आखिरी पड़ाव था। मस्कट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शहाब बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री का गर्मजशी से स्वागत किया और उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

यह यात्रा ओमान के सुल्तान हैतम बिन तारीख के निमंत्रण पर हो रही है और भारत ओमान के बीच 70 वर्षों के राजनायक रिश्तों का खास प्रतीक भी है। वहीं ओमान पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह धरती भारत की पुरानी मित्र है। जहां ऐतिहासिक संबंधों की मजबूत नीव है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रिश्ते खोलेगी और साझेदारी को नई गति देगी। हवाई अड्डे के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी अपने होटल पहुंचे तो वहां भी उत्साह कम नहीं था। ओमान में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। माहौल भारत की संस्कृति की रंगों से भरा हुआ था।

राजस्थान का घूमर, गुजराती लोकगीत और कर्नाटक के लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। स्थानीय ओमानी कलाकारों की पारंपरिक प्रस्तुति ने इस स्वागत को और खास बना दिया। वंदे मातरम वंदे मातरम की। अच्छा आपको बता दें प्रधानमंत्री मोदी अपने इस विदेश यात्रा के तहत इथियोपिया और जॉर्डन का दौरा कर चुके हैं और यहां ओमान पहुंचने के बाद अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि भारत और ओमान के बीच कई समझौते भी हो सकते हैं।

# 27 देशों संग होगी 100 बिलियन की डील!

**नई दिल्ली**

**भारत** और यूरोप की दोस्ती की बड़ी खबर सामने आ रही है। उसकी बड़ी वजह है भारत का वो ऐतिहासिक फैसला जो सिर्फ दिल्ली नहीं जो वाशिंगटन नहीं मॉस्को नहीं बीजिंग नहीं पूरे यूरोप में गूंज रहा। 26 जनवरी 2026 भारत का गणतंत्र दिवस पर ना ट्रंप होंगे, ना पुतिन होंगे, ना मेलोनी होंगे, ना फ्रांस के राष्ट्रपति होंगे, ना जर्मनी के चांसलर होंगे और ना ही इंग्लैंड के पीएम होंगे। इस बार यह सिर्फ परेड नहीं होगी। इस बार सिर्फ झांकी नहीं होगी। यह सिर्फ सम्मान नहीं होगा। यह भारत के वैश्विक पहचान का प्रदर्शन होगा। दरअसल सबसे पहले बात करते हैं उन नामों की जो नहीं आ रहे। अमेरिका आज भी सुपर



पावर है लेकिन उसकी नीतियां बदलती रहती है। एक राष्ट्रपति आता है। सब कुछ उलट देता है। रूस भारत का पुराना मित्र है। लेकिन आज वह युद्ध और प्रतिबंधों से जूझ रहा है। उलझा हुआ है। फ्रांस भारत का पक्का दोस्त है। लेकिन भरोसेमंद नहीं कहा जा सकता। भारत जानता है कि 21वीं सदी एक देश की नहीं ब्लॉक की सदी है और इसीलिए भारत ने किसी एक चेहरे को नहीं पूरे यूरोपीय संघ को चुन लिया है क्योंकि भारत ने तय किया है कि 2026 के गणतंत्र दिवस पर वो दुनिया की किसी एक सुपर पावर को नहीं बल्कि पूरे यूरोप के नेतृत्व को बुलाएगा और यही वो फैसला है ।

### अलीगढ़ : जमीन विवाद ने लिया खौफनाक मोड़

**अलीगढ़**

**उत्तर प्रदेश** के अलीगढ़ जनपद में थाना बन्नादेवी क्षेत्र के बरौला बाईपास सतत सर्वोदय नगर में गुरूवार दोपहर उस वक़्त सनसनी फैल गयी, जब जमीनी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी. जिसमें पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिता-पुत्र को मेडिकल कॉलेज भिजवाया,जहां डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया. जबकि पिता की हालत नाजुक बनी हुई है।

## कांग्रेस ने बापू के आदर्शों का किया नाश, हम भेदभाव नहीं करते




**नई दिल्ली**

संसद के हंगामेदार सत्र में, लोकसभा ने गुरुवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) विधेयक, 2025 पारित कर दिया। इसके विरोध में विपक्षी सांसदों ने तीखे विरोध प्रदर्शन किए और सरकार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करने तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के प्रावधानों को कमजोर करने का आरोप लगाया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का नाम एनआरईजीए में 2009 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए जोड़ा गया था। शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के हंगामे पर लोकसभा में कहा कि अपनी बात कहना है और फिर जवाब नहीं सुनना भी ह्यहिंसाह्न है, विपक्ष के लोग बापू के आदर्शों के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग मनरेगा के नाम ढोंग करते हैं, मोदी सरकार काम करती है। चौहान ने प्रियंका गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि नाम रखने की सनक कांग्रेस की है, बहुत सारी योजनाओं के नाम नेहरू परिवार को महिमामंडित करने के लिए रखे गए। शिवराज ने कहा कि यह आवश्यक हो गया था कि मनरेगा के पैसे का सही उपयोग हो, लूट बंद हो, पारदर्शिता हो, इसलिए इस योजना पर खुले मन से विचार किया गया ।

# उद्धव सेना का युवा वोटरों पर फोकस

**महाराष्ट्र**

**राज्य** में 29 नगरपालिकाओं के लिए चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए कमर कस रहे हैं, जिन्होंने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है और ऐसा लगता है कि आने वाले हफ्तों में मुंबई की राजनीति और भी रंगीन हो जाएगी। इस पृष्ठभूमि में, राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि शिवसेना-भाजपा-एनसीपी गठबंधन के रूप में मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ लड़ेंगे। दूसरी ओर, ऐसे संकेत मिल रहे हैं

### आदित्य के जिम्मे ये अहम जिम्मेदारी



कि ठाकरे बंधुओं का समूह मुंबई नगर निगम को अपने नियंत्रण में रखने के लिए एकजुट हो रहा है। इसलिए, यह चुनाव केवल स्थानीय स्वशासन निकायों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रतिष्ठा और शक्ति की परीक्षा होगी। अगले सप्ताह तक उम्मीदवारों के नामों की सूची को अंतिम रूप दिया जाना है, इसलिए सभी पक्षों के बीच तेजी से गतिविधियां चल रही हैं।

बीएमसी की सत्ता में वापसी की कोशिश में जुटी उद्धव सेना द्वारा आदित्य ठाकरे को मुंबई में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। आदित्य बीएमसी चुनाव में रैलियों और प्रचार की कमान संभालेंगे। चुनाव में युवा मतदाताओं को उद्धव सेना से जोड़ने की रणनीति का हिस्सा होगा।

## 'आरक्षण नियमों का संविधान के मुताबिक पालन हो', सीएम योगी की चेतावनी से अधिकारियों में हड़कंप



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों में हीलाहवाली को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तेवर सख्त हो गए हैं. बुधवार शाम को अधिकारियों की बैठक में सीएम ने चेयरमैन राजस्व परिषद् को चेतवानी कि आरक्षण नियमों का संविधान के मुताबिक पालन हो, यदि कहीं भी लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी. सीएम के तेवर से अधिकारियो में हड़कम्प मचा हुआ है. बैठक में मौजूदा भर्तियों के साथ ही बीते भारतीयों में आरक्षण के रोस्टर पालन न करने की शिकायतें मिलीं थीं.

सीएम योगी ने कहा कि सरकार की मंशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की है. हर वर्ग को उसके अनुपात में आरक्षण मिलना संवैधानिक अधिकार है. लिहाजा इसमें किसी प्रकार की कोई शिकायत या शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी.

**बैठक में प्रमुख निर्देश**

देर रात तक चली बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसेवा आयोग के चेयरमैन और राजस्व परिषद के अधिकारियों को चेतावनी दी. बैठक में तय किए गए प्रमुख बिनु निम्न प्रकार हैं:

आरक्षण रोस्टर का सख्त पालनः सीएम ने कहा कि संविधान के नियमों और आरक्षण रोस्टर को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए. इसमें कोई भी हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नौकरियों में हर वर्ग को उसका अपूरा हक देने के लिए प्रतिबद्ध है. इसमें कोई कसर नहीं रहनी चाहिए।

# दिल्ली का हाल! बाहरी राज्यों से सिर्फ BS-6 गाड़ियों की ही एंट्री

**नई दिल्ली**

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने हाल ही में चार बड़े फैसले लिए हैं. इन्हीं फैसलों में से एक है 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' यानी बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन को पेट्रोल या डीजल न देने से जुड़ा है. यह नियम आज (गुरुवार, 18 दिसंबर) से दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों पर लागू होना था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है.

दिल्ली के कई पेट्रोल पंपों का जायजा लिया तो पाया गया कि अधिकांश पंपों पर इस नियम का सख्ती से पालन नहीं हो रहा है. कई पेट्रोल पंपों पर बिना किसी तरह का प्रदूषण सर्टिफिकेट चेक किए ही आने वाले वाहनों को खुलेआम फ्यूल दिया जा रहा है. नियम लागू होने के बावजूद पेट्रोल पंप कर्मचारी पीयूसी की जांच करते नजर नहीं आए.

**कर्मचारियों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार किया**

जब एबीपी न्यूज ने पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों से इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने साफ तौर पर जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया. कर्मचारियों का कहना था कि पीयूसी चेक करना उनका काम नहीं है. यह जिम्मेदारी सरकार की उन एजेंसियों की है, जिन्हें इसके लिए तैनात किया गया है.

कर्मचारियों ने यह भी कहा कि वे किसी भी वाहन चालक से बहस या झगड़ा नहीं करना चाहते, इसलिए जो भी वाहन पेट्रोल पंप पर आता है, उसे फ्यूल दे दिया जाता है.

**PUCC केंद्रों पर लगीं लंबी लाइनें**

हालांकि, पेट्रोल पंपों पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा जारी नोटिस जरूर चस्पा किए गए हैं जिनमें साफ लिखा है कि




बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को फ्यूल नहीं दिया जाना चाहिए. लेकिन इन नोटिस के बावजूद नियम का पालन होता हुआ नजर नहीं आ रहा है. दूसरी ओर, जैसे ही दिल्ली में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू होने की खबर फैली, शहर के प्रदूषण जांच केंद्रों पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं.

गौरतलब है कि दिल्ली में बिना वैध प्रदूषण सर्टिफिकेट के वाहन चलाना पहले से ही अपराध की श्रेणी में आता है. मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बिना पीयूसी के वाहन चलाने पर 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है. सरकार का मानना है कि इस सख्त नियम से सड़कों पर चलने वाले प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर लगाम लगेगी और हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा.

दिल्ली पहले ही देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल है. सर्दियों के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं. इसी को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है. हालांकि नियम लागू होने के बावजूद पेट्रोल पंपों पर लापरवाही सामने आना सरकार और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है. अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में इस नियम को कितनी सख्ती से लागू किया जाता है और जिम्मेदार एजेंसियां इस पर क्या कार्रवाई करती हैं।

## 'ये चिंताजनक, रिटायरमेंट से पहले छक्के मार रहे जज'

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार (17 दिसंबर, 2025) को कहा कि रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले जज ऐसे आदेश पारित करते हैं, जैसे क्रिकेट मैच में बैट्समैन लास्ट ओवर में छक्के मारता है. उन्होंने कहा कि बाहरी हितों के लिए इस तरह आदेश देने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कोर्ट को आपत्ति है. सुप्रीम कोर्ट एक जज की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिन्हें दो आदेश पारित करने के लिए रिटायरमेंट से 10 दिन पहले सस्पेंड कर दिया गया. मुख्य



न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा, 'याचिकाकर्ता ने रिटायरमेंट से ठीक पहले छक्के लगाने शुरू कर दिए. यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है. मैं इस पर विस्तार से चर्चा नहीं करना चाहता.' मध्य प्रदेश के डिस्ट्रिक्ट जज 30 नवंबर को रिटायर होने वाले थे, लेकिन उनकी ओर से पारित दो आदेशों की वजह से 19 नवंबर को ही उन्हें सस्पेंड कर दिया।

### 39 देशों के लोगों के लिए US में No Entry!

# ट्रंप का अब तक का सबसे बड़ा प्रहार

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार यानी 16 दिसंबर को एक नया घोषणापत्र प्रोक्लेमेशन पर साइन कर दिए हैं। इससे अमेरिका में एंट्री पर पूरी तरह से या पार्शियल बैन वाले देशों की संख्या 19 से बढ़कर 39 हो गई है। यह बदलाव 1 जनवरी 2026 से लागू होंगे। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह प्रतिबंध उन देशों पर लगाए गए हैं जहां स्क्रीनिंग, वेटिंग लिस्ट और जानकारी साझा करने में गंभीर कमियां हैं। इसका मकसद अमेरिका की राष्ट्र सुरक्षा, आतंकवाद विरोध और इमीग्रेशन कानून को मजबूत करना है। कई देशों में आतंकवादी गतिविधियां,



भ्रष्टाचार और वीजा ओवरस्टे की हाई फ्रीक्वेंसी को इसकी वजह बताया गया है। जिन लोगों के पास पहले से वीजा है, जो अमेरिका के वैध स्थायी निवासी हैं, जो राजनयिकों या खिलाड़ियों जैसी कुछ विशेष वीजा श्रेणियां के तहत अमेरिका आते हैं या जिनका अमेरिका में प्रवेश देश के हित में माना जाता है, उन्हें इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है। घोषणा में कहा गया है कि ये बदलाव एक जनवरी से प्रभावी होंगे। जून में ट्रंप ने घोषणा की थी कि 12 देशों के नागरिकों को अमेरिका आने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

आपको बता दें कि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी मुस्लिम बहुल देशों पर ट्रैवल बैन लगाया था। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी थी। बाइडन जब आए तो उन्होंने यह ट्रैवल बैंड्स हटा दिए। अब दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने एक बार फिर से यह कारवाही शुरू कर दी है। जनवरी 2025 से ट्रंप ने इमीग्रेशन को सख्त करना शुरू कर दिया था। जून महीने में 19 देशों पर बैन लगाया गया।

नवंबर में वाशिंगटन में एक अफगान व्यक्ति द्वारा नेशनल गार्ड पर हमले के बाद ट्रंप ने और सख्ती की बात कही। दिसंबर में यह विस्तार हुआ। वाइट हाउस का कहना है कि यह डाटा आधारित फैसला है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह फैसला जरूरी है।

# समाज विशेष की बेटियों पर वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर राजनेताओं ने व्यक्त की प्रतिक्रिया

## कहा - समाज की मर्यादा से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं दोषियों पर हो कठोर कार्यवाही

अखंड भारत संदेश









**मेजा।** मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा समाज विशेष की बेटियों को लेकर दिए गए अमर्यादित बयान को लेकर देशभर में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। इस मुद्दे को लेकर यमुनापार क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाला करार दिया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि संवैधानिक दायित्वों पर बैठे अधिकारियों से संयम, मयार्दा और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है। सार्वजनिक मंच से की गई इस तरह की टिप्पणी न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि समाज की गरिमा और बेटियों के सम्मान पर सीधा प्रहार है। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा के के जिलामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा कि देश की संस्कृति में नारी सम्मान सर्वोपरि रहा है और इस प्रकार के बयान उस परंपरा को ठेस पहुंचाते हैं। ऐसे शब्द न सिर्फ एक वर्ग को आहत करते हैं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने का काम भी करते हैं। समाजसेवी अशोक तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा संबंधित अधिकारी को पद से हटाए जाने की कार्रवाई सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह केवल शुरूआत है। भविष्य में इस तरह की मानसिकता पर पूर्ण विराम लगाने के लिए कठोर और उदाहरणात्मक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्ती नहीं दिखाई गई तो इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों का मनोबल बढ़ेगा। समाजसेवी चंदन तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव देश को ज्ञान, संस्कार, शिक्षा और सेवा की दिशा दी है। समाज की बेटियों के सम्मान से जुड़ा यह विषय केवल किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे देश की अस्मिता और सम्मान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जांच के बाद कठोर निर्णय लेने की मांग की है, ताकि समाज में स्पष्ट और सकारात्मक संदेश जाए और भविष्य में कोई भी अधिकारी मयार्दा लांघने का साहस न कर सके।

## करंट लगने से किसान की हुई मौत

**बारा प्रयागराज।** बारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत धरा के मजरा बांकीपुर में झटका मशीन के करंट लगने से बुजुर्ग किसान की बुधवार रात मौत हो गई। सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया है। बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। राम अभिलाष ओझा (८०)पुत्र स्वर्गीय शारदा प्रसाद ओझा निवासी ग्राम बांकीपुर बुधवार रात अपने खेत की रखवाली करने गए हुए थे । बताया गया कि बगल के खेत वाले किसान ने अपने खेत में फसल की सुरक्षा के लिए झटका मशीन का करंट लगाया था। रामविलाष ओझा को धोखे से करंट का स्पर्श हो गया। इससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी करते हुए परिजनों से वार्ता कर शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को उनके परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### शीतलहर का प्रकोप जारी, अलाव की व्यवस्था नहीं, गंगा घाटों पर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को झेलनी पड़ी ठंड



**मांडा।** शीतलहर का प्रकोप जारी है। गुरुवार रात से ही घना कोहरा, बादल और शीतलहर से कड़ाके की ठण्ड के कारण दिनभर लोग ठिठुरते रहे। पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए, जिससे ठंड और बढ़ गई। क्षेत्र में सरकारी अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही भीषण कोहरे के कारण दिन में भी वाहनों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। अधिकांश लोग ठंड से बचने के लिए अपने घरों में ही दुबके रहे। क्षेत्र की कई बाजारों में भी अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीरों और निजी वाहन चालकों को कड़ाके की ठंड झेलनी पड़ी। इसी बीच, मांडा क्षेत्र में कुछ बुजुर्गों के निधन के कारण डेंगूरपुर और महेवा कला गंगा घाटों पर दाह संस्कार के लिए पहुंचे परिजनों और रिश्तेदारों को भी भीषण ठंड का सामना करना पड़ा। अलाव की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें खुले में ही ठंड में बैठकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ी। दाह संस्कार के बाद वे अपने-अपने घरों को लौटे।

### शांति व्यवस्था के दृष्टिगत किया गया पैदल गस्त

#### पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व संदिग्धों पर रही पुलिस की विशेष नजर



**थरवई।** शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पैदल गस्त किया जा रहा। जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे । उसी क्रम में गुरुवार को थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा थरवई बाजार व प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं सार्वजानिक स्थानों पर पैदल गस्त किया गया जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व संदिग्धों पर पुलिस की विशेष नजर रही। बताया की क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पैदल गस्त किया गया। गस्त के दौरान मौजूद रहे एस आई जितेंद्र नाथ सिंह, जंग बहादुर, गिरीश चंद्र, महिला एस आई आकांक्षा द्विवेदी, दीप्ति मिश्रा एवं कई पुलिस टीम में मौजूद रहे।

### केचुहा गांव पहुंचकर उत्कर्ष रमण ने जताई शोक संवेदना



**करछना।** क्षेत्र के केचुहा गांव पहुंचकर समाजसेवी उत्कर्ष रमण सिंह ने सुनील विश्वकर्मा की माता जी के निधन पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शोक संवेदना उपरांत उत्कर्ष रमन सिंह ने गांव के लोगों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निवारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर युवा नेता कार्तिकेय तिवारी, नरसिंह तिवारी, आयुष तिवारी, राजबहादुर विश्वकर्मा, आद्या प्रसाद, विशाल तिवारी एवं प्रधान प्रतिनिधि श्याम नंदन तिवारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### नवनियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया ने माँ शीतला धाम पर पहुंचकर किया पूजा अर्चना



**उतरांव।** बृहस्पतिवार कों नवनियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया शेषधर पाण्डेय उतराव थाना क्षेत्र के समोधिपुर गांव मे स्थित माँ शीतला धाम मंदिर पर पहुंचकर मातारानी का दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। आप कों बताते चले की हंडिया सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुमार सिंह का स्थान्तरण करछना हों जाने बाद हंडिया के नवनियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त शेषधर पाण्डेय ने समोधिपुर गाँव पहुंचकर मातारानी का दर्शन किया उपस्थित सभी लोगों कों प्रसाद वितरण कर हालचाल जाना। पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक उर्फ पप्पू ने सहायक पुलिस आयुक्त कों माला पहनाकर अंग वस्त्र भेट कर स्वागत सत्कार किया। नवनियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त शेषधर पाण्डेय ने पूजा अर्चना कर मातारानी से आशीर्वाद माँगा की क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था व आपसी प्रेम सौहार्द भाईचारा बना रहे। इस मौके पर के. डी. कालेज के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र सिंह, सदस्य जिला पंचयात अशोक केसरवानी, आचार्य रजनीश तिवारी, गुलाबनबी, लालजी पुष्कर, रितेश कुमार,आदि लोग उपस्थित रहे। पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष द्वारा आये हुऐ सभी अतिथियों के जलपान करा आभार जताया।

### चार महिलाओं पर एस सी एस टी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दरवाजे पर मुर्गी के गंदगी फैलाने से मना करने पर महिलाओं ने दलित महिला को घसीट घसीट कर मारे और जाति सूचक गालियां दी। दलित महिला ने चार महिलाओं के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासनीय मधु सरोज पत्नी गुलाब चन्द्र सरोज का आरोप है कि पड़ोसी की मुर्गियां उसके दरवाजे पर आ कर गंदगी फैला रही थीं। बोलने पर उसका बाल पकड़ कर घसीट घसीट कर मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।मधु सरोज ने मऊआइमा थाने में अलकमा बेगम,सुधधन बानों,सलमा बेगम,कमसू उर्फ टुम्मन बेगम के खिलाफ मार पीट और एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है।

### वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** घर से पैदल जा रहे वृद्ध को एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध बुरी तरह जख़्मी हो गया है।जख्मी के भाई ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरामऊ निवासी जेठू लाल पुत्र स्वर्गीय पुददन का कहना है कि उसका छोटा भाई समय लाल 55 वर्ष घर से पैदल अमानगंज जा रहे थे। आरोप है कि फोरलेन पर बाइक चालक ने समय लाल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह जख़्मी हो गए हैं। जिन्हें निजी अस्पताल में नाजुक हालत में भर्ती कराया गया है।जेठू लाल ने मऊआइमा थाने में बाइक चालक रवि शंकर उर्फ लल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## नवयुवक ब्राह्मण समाज की आयोजित बैठक में रोड पर लगी स्ट्रीट लाइट बनी सो पीस पर उठी आवाज

**सहसों।** गारापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर नवयुवक ब्राह्मण समाज की गुरुवार को एक बैठक अध्यक्ष लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के समस्याओं की चर्चा के दौरान बताया गया कि सहसों के पास चंदरपुर उर्फ बसमहुआ से लेकर 40 नंबर गोमती तक की स्ट्रीट लाइटें कुंभ से पहले 2024 में लगाई गई थीं। परन्तु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी लाइटें आज तक नहीं जल पाई है। रात में अंधेला होने के कारण रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लाखों रुपए लागत की लगी यह स्ट्रीट लाइटें मानो शो पीस बनकर रह गई हैं। इसके अलावा शाम 6:00 बजे से 9:00 बजे रात्रि तक क्षेत्र के ग्रामीण आंचल की लाइटें भी काट दी जाती हैं। जिससे कोहरे के कारण अंधेरा रहता है और दुर्घटनाएं होती रहती हैं। क्षेत्र की समस्या पर आवाज उठाते हुए संगठन के सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र के सांसद, विधायक और शासन की ओर से इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बैठक में संगठन ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बसमहुआ से 40 नंबर गोमती के बीच की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाकर जलवाई जाएं। जिससे रोड पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था होकर राहगीरों एवं आमजन की समस्या दूर हो सके। संगठन ने इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई की अपील की है। बैठक में संगठन के प्रवक्ता राजमणि शुक्ल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश कुमार पांडे, संरक्षक कमला कांत शुक्ल, कपिल तिवारी, महामंत्री प्रमोद शुक्ल, उप महामंत्री भुनेश शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यमणि पांडे, मीडिया प्रभारी प्रवेश शुक्ल, विजय तिवारी, योगेश शुक्ल, आशीष शुक्ल, मुन्ना शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सकल हिंदू सम्मेलन राष्ट्र प्रेम की भावना से हिंदू समाज को करें एकजुट





**जसरा।** सकल हिंदू समाज का सम्मेलन ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में हिंदू समाज सम्मेलन में लोगों की भारी भीड़ लगी। क्षेत्र से लेकर जिले तक हिंदू समाज के लोग सकल हिंदू सम्मेलन में पहुंचे। इसमें सामाजिक भेदभाव दूर करने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे महंत रतन दास जी महाराज फलाहारी बाबा उनके साथ साधु संत सकल हिंदू सम्मेलन में उपस्थित रहे। वहीं महंत रतन दास जी महाराज फलाहारी बाबा के द्वारा कहा गया कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार व हिंदू हित की रक्षा के लिए समाज के युवा पीढ़ी को सनातन धर्म की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। अभिभावकों को अपने बालक बालिकाओं को संस्कार के साथ सनातन धर्म के विचारों व हिंदुत्व के विषय में विस्तारपूर्वक बताया जाए। हम एक हैं, एक रहेंगे, सकल हिंदू समाज की एकता को मजबूत करने की जरूरत है। पंच परिवर्तन से हमारा देश विकसित राष्ट्र बन कर उभर रहा है। सम्मेलन का उद्देश समाज के सभी पंथ उप पंथ और वर्ग के एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द को मजबूत करना है। वहीं संतो के द्वारा सकल हिंदू सम्मेलन में कहां गया समाज में व्याप्त कुरीतियों पर मंथन करते हुए सकरात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल केसरवानी ने किया। सकल हिंदू सम्मेलन में महापौर गणेश केसरवानी, नित्यानंद उपाध्याय, रवि तिवारी, राजेश त्रिपाठी, शिवदत्त मिश्रा, हरीराम तिवारी,जगत नारायण शुक्ल,अंकुर केसरवानी शंभू नाथ खरे, राजाबाबू पाठक,शंकर लाल केसरवानी, रामबाबू केसरवानी ,संजय केसरवानी, आशीष सोनकर राम केसरवानी, धीरेंद्र कुशवाहा, भजन गायिका श्वेता केसरवानी हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज के लोगों की भारी भीड़ रही।

## विज्ञान का मॉडल बनाने पर बीडी सेंट्रल एकेडमी के बच्चे हुए सम्मानित चौकी प्रभारी ने दिया प्रमाण पत्र

### उत्कृष्ट शिक्षा के साथ साथ कार्यक्रम कर बच्चों अतिरिक्त ज्ञान देना है बेहद अहम - दुर्गा प्रसाद

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** बीडी सेंट्रल एकेडमी खानपुर में गुरुवार को पूर्व में आयोजित बाल मेले कार्यक्रम में विज्ञान के मॉडल बनाकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को चौकी प्रभारी सिरसा अनिल कुमार पाण्डेय और सब इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल की छात्रा व छात्र हर्षिता कन्नौजिया,अंश केशरी, रूपाली यादव,सृष्टि, अंकुश पटेल, कार्तिक केशरी,अनिकेत गुप्ता, यश सिंह तथा यश यादव ने सम्मान प्रमाण पत्र पाकर बेहद उत्साहित हुए। सम्मान कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के आयोजन करके अतिरिक्त ज्ञान भी देना आवश्यक होता है। इस अवसर पर निदेशक बबीता गुप्ता, प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव, गूंजा, संतोष कुमार, मारूत ध्वज द्विवेदी, पवन कुमार, सरिता, फिजा, अंजलि, खुशबू, वंदना शुक्ला, अर्पिता, दीक्षा सेठ, अल्का सिंह, फिजा बानो तथा शिवांगी श्रीवास्तव आदि के अलावा स्कूल के अन्य स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दिल्ली धरना से प्रयागराज लौटने के पर हुआ भव्य स्वागत





**पसना।** राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी ने 15 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी ने किया था, जिसमें देश के कोने-कोने से विप्रजन शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान ब्राह्मण आइडेंटिटी प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, सवर्ण आयोग का गठन करने और परशुराम जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। इन मांगों को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। धरना प्रदर्शन के बाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी के प्रयागराज लौटने पर उनकी टीम के सदस्यों और परशुराम सेना के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके साथ निजी सचिव धीरज कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोम मिश्रा का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कुंवर जी तिवारी (जिला अध्यक्ष, प्रयागराज), अशोक तिवारी, मनीष पांडेय, स्वरिका भरद्वाज (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा), सुनीता मिश्रा, छाया द्विवेदी, प्रशांत पांडे और अनुराधा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इफको की फूलपुर इकाई में प्रथम आगमन पर प्रबंध निदेशक का हुआ जोरदार स्वागत

### अपने दो दिवसीय दौरे पर एमडी संयंत्र भ्रमण के साथ ही अधिकारियों से करेंगे मुलाकात

अखंड भारत संदेश



**फूलपुर।** इफको का प्रबंध निदेशक बनने के बाद पहली बार फूलपुर इकाई पहुंचे एमडी केजे पटेल का इफको के अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इकाई प्रमुख पीके सिंह की अगुवाई में इफको के अधिकारियों ने फूलपुर आगमन पर प्रबंध निदेशक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। इफको के अधिकारियों ने बताया की प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री पटेल ने अपने प्रथम संयंत्र भ्रमण हेतु इफको की फूलपुर इकाई का चयन किया जो समस्त इफको फूलपुर परिवार के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है साथ ही यहा के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ ही प्रबंधन के प्रति उनके विश्वास और इकाई के महत्व को भी दशार्ता है। इस अवसर पर संपूर्ण इफको फूलपुर परिवार में विशेष उत्साह एवं गर्व का वातावरण देखने को मिला।दो दिवसीय दौरे पर फूलपुर पहुंचे प्रबंध निदेशक इफको संयंत्र का तकनीकी निरीक्षण करेंगे तथा इफको परिवार के सभी सदस्यों औपचारिक मुलाकात भी करेंगे। प्रबंध निदेशक के. जे. पटेल का इफको फूलपुर आगमन पर महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के. सिंह, महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, डॉ अनीता मिश्र, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार,एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के. वर्मा, अरवेन्द्र कुमार, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, पी.के. त्रिपाठी,संदीप गोयल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव के साथ ही इफको के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी आत्मीयता एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## एसीपी चंद्रपाल सिंह का हुआ स्थानांतरण कार्यालय से हुई भावपूर्ण विदाई

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** एसीपी थरवई के रूप रूप में उन्होंने करीब दो वर्ष का कार्यकाल रहा। बीते 5 फरवरी 2024 को उन्होंने चार्ज संभाला और 17 दिसंबर 2025 तक कुल 22 माह का कार्यकाल रहा। जिसमें उन्होंने अपनी ड्यूटी के प्रति सक्रिय रहते थे और हर मामालों को संज्ञान में लेते हुए निस्तारण में तीव्रता लाने का रहता था प्रयास। वहीं आने फरियादियों की समस्याओं को विस्तार से सुनते थे एवं क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल लेते थे संज्ञान पीड़ितों को न्याय दिलाने में रहता था प्रयास। एसीपी चंद्रपाल सिंह के स्थानांतरण पर क्षेत्र में भावुकता सा माहौल रहा। वहीं पड़िला स्थित पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में हुए भव्य मेले को, महाकुम्भ जैसे मेले में भी उनकी अहम् भूमिका रही जिसमें उन्होंने बखूबी अपनी ड्यूटी को निभाया। ये मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के रहने वाले थे। और पीएसी बल में भी कार्यरत रह चुके थे। ड्यूटी के प्रति सक्रियता सजगता के चलते कांस्टेबल के पद से पदोन्नति होते हुए सहायक एसीपी के पद का सफर पूर्ण किया और उन्होंने अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाया। जिससे क्षेत्रों में इनके कार्यों होती थी सराहना। जो वर्तमान में सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रपाल सिंह का वीआईपी के लिए हुआ स्थानांतरण। स्थानांतरण के चलते क्षेत्र में चर्चा रही की हर मामलों का लेते थे संज्ञान एवं आये हुए फरियादियों की समस्याओं को विस्तार से सुनते थे एवं उनका सम्मान भी करते थे। कार्यलय से हुई उनकी भव्य विदाई और सभी ने उन्हें पुष्प गुच्छ व माला के साथ उनका बढ़ाया सम्मान।

# युवक की गोली मारकर हत्या, कनपटी पर मारी गई थी गोली, दोस्तों से विवाद के बाद हुई घटना

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक अपने दोस्तों के साथ राजापुर कछार इलाके में बैठा हुआ था। तभी किसी बात को लेकर विवाद हो गया है। विवाद में गोली चल गई, जो युवक के कनपटी पर लगी।तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना कैंट थाना क्षेत्र स्थित राजापुर कछार की है।राजापुर कछार का रहने वाला आकाश सोनी उर्फ गोलू (26) यह ऑटो चलाता है। इसका भाई एजी ऑफिस के पास सब्जी और नारियल का ठेला लगाता है। दो भाई और एक बहन हैं। मूल रूप से फूलपुर के रहने वाले हैं और राजापुर में ओम नगर मोहल्ले में किराए के कमरे में रहते थे। आज रात 9 बजे राजापुर कछार में अपने दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद गोलीबारी हो गई। एख गोली आकाश की कनपटी में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा।

**गोली की आवाज से मची अफरातफरी**

गोली चलने की आवाज सुनकर कुछ दूरी पर बैठे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल और एक खोखा बरामद किया है।

**अस्पताल में किया गया मृत घोषित :** आकाश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।विवाद के बाद हत्या की आशंका फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आकाश अपने जिन लोगों के साथ बैठा था, उन्हीं से किसी बात को लेकर उसका विवाद हुआ था और उसी दौरान वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद राजापुर कछार इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और जल्द ही पूरे मामले के खुलासे का दावा कर रही है।

डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है और घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों की पहचान की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला जज ने करछना ग्राम न्यायालय का किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**करछना प्रयागराज।** करछना तहसील परिसर में स्थापित ग्राम न्यायालय का जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय में लंबित एवं निस्तारित मुकदमों से संबंधित मामलों की जानकारी ली। जिला जज ने ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश आदेश कुमार श्रीवास्तव से न्यायिक कार्यों और वाद निस्तारण की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। निरीक्षण के समय न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में आर एस एस के विचार एवं व्यवहार पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : विचार एवं व्यवहार विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित हुआ है।आयोजन सचिव प्रोफेसर आनन्दानन्द त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय क्षेत्र प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, क्षेत्रीय धर्म जागरण प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश अभय एवं राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोज कांत होंगे। कार्यशाला की अध्यक्षता विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर समन्वयक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, संयोजक प्रोफेसर संतोषा कुमार, आयोजन सचिव प्रोफेसर आनन्दानन्द त्रिपाठी एवं सह-आयोजन सचिव डॉ. त्रिविक्रम तिवारी की समिति गठित की गयी है। कार्यशाला के अंतर्गत विशिष्ट वक्ताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार एवं व्यवहार के संदर्भ में जानकारी प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इसी विषय पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय आगामी जनवरी 2026 सत्र से एक पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ करने वाला है। जिसकी घोषणा कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने इसी वर्ष गांधी जयंती के अवसर पर की है। उक्त कार्यशाला में इस पाठ्यक्रम के लेखन से संबंधित शिक्षकों के साथ-साथ विश्व विद्यालय एवं देश के अन्य शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, शिक्षार्थी एवं अन्य गणमान्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे।

# घरों में ठिठुरते रहे लोग,दिन भर नहीं हुए सूर्य के दर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को पूरे दिन भगवान सूर्य के दर्शन नहीं हो सके। उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने वाली ठंड हवाओं ने वातावरण में नमी बढ़ा दी, जिसके चलते कोहरे की चादर पूरे शहर पर छा गईं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पछुआ हवाएं जब मैदानी इलाकों में सक्रिय होती हैं तो तापमान में अचानक गिरावट देखने को मिलती है, और यही स्थिति फिलहाल प्रयागराज में बनी हुई है।दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके। सुबह से लेकर दोपहर के समय तक घना कोहरा छाया रहा। सड़कों, गलियों, पुलों और खुले मैदानों में दृश्यता बेहद कम रही। कई इलाकों में 50 मीटर से भी कम विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



**ठिठुरते रहे लोग, अलाव बने सहारा :** ठंड और कोहरे के इस दोहरे प्रहार से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोग, रिक्शा चालक, ठेला दुकानदार, मजदूर और छात्र-छात्राएं ठंड से ठिठुरते नजर आए। शहर के कई इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते दिखे। हालांकि, कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था न होने से गरीब और जरूरतमंद वर्ग को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी।

**स्कूल, दफ्तर और बाजारों पर असर :** ठंड और कोहरे का असर स्कूलों और दफ्तरों की उपस्थिति पर भी देखने को मिला। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी ठंड का सामना करना पड़ा। कई अभिभावकों ने बच्चों को अतिरिक्त गर्म कपड़े पहनाकर स्कूल भेजा। वहीं, दफ्तरों में भी कर्मचारियों की आवाजाही देर से शुरू हुई। बाजारों में सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा और दोपहर बाद ही कुछ रौनक लौटी।

घने कोहरे के कारण सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। हाईवे और प्रमुख मार्गों पर वाहन चालकों को धीमी गति से चलना पड़ा। कई जगहों पर वाहन चालकों ने हेडलाइट और फॉग लाइट का सहारा लिया। रेलवे और बस सेवाओं पर भी कोहरे का असर पड़ा, जिससे कुछ ट्रेनें और बसें देरी से चलीं। डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की ठंड और कोहरे की स्थिति में बुजुर्गों, बच्चों और सांस के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सर्दी, खांसी, जुकाम और सांस संबंधी बीमारियों के मामलों में इजाफा हो सकता है। चिकित्सकों ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने, गर्म पेय पदार्थ लेने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

**अगले एक सप्ताह तक घने कोहरे की चेतावनी :** मौसम विभाग ने प्रयागराज और आसपास के जिलों के लिए अगले एक सप्ताह तक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, सुबह और देर रात को कोहरे का प्रभाव अधिक रहेगा। साथ ही ठंडी हवाओं के चलते गलन बनी रहेगी, जिससे ठंड का असर और तीव्र हो सकता है। केवल शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी ठंड और कोहरे का असर साफ दिखाई दे रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान सुबह के समय खेतों में जाने से बच रहे हैं। पशुपालक भी अपने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं।

## ठंड बढ़ी तो प्रयागराज में बदला स्कूलों का समय

### बीएसए व डीआईओएस ओर से जारी किया गया आदेश, अब सुबह 10 से 3 बजे तक चलेंगे स्कूल

**प्रयागराज।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार व जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह की ओर से यह आदेश गुरुवार शाम को जारी कर दिया गया है।नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के लिए यह आदेश जारी किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा। DIOS पीएन सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में ठंड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इरअ ने बताया कि बेसिक शिक्षा के अधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक, सीबीएसई, आईसीएसई समेत सभी बोर्डों के स्कूल अब सुबह 10 बजे से तीन तक संचालित होंगे।अधिकारियों की ओर से सभी स्कूल संचालकों व प्रिंसिपलों को निर्देशित किया गया कि शुक्रवार से ही इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए।

# रामगढ़ धाम में तीन दिवसीय 9वां रामगढ़ महोत्सव संपन्न

अखंड भारत संदेश

धार्मिक,सांस्कृतिक आयोजनों की गूंज, राष्ट्रीय किसान सम्मेलन रहा केंद्र बिंदु



**शंकरगढ़।** यमुनापार क्षेत्र के शंकरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत सोनवर्षा गांव स्थित अति प्राचीन शिवस्थल रामगढ़ धाम में पौषी तेरस मेला के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय 9वें रामगढ़ महोत्सव का भव्य आयोजन 16 से 18 दिसंबर तक श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों के साथ संपन्न हुआ। रामगढ़ पर्यटन विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने सुदूर वनांचल में सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया।

महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय किसान सम्मेलन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें देशभर से पहुंचे किसान नेताओं ने जल, जंगल और जमीन से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर विमर्श करते हुए स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर ठोस पहल की आवश्यकता पर बल दिया।महोत्सव का विधिवत शुभारंभ 16 दिसंबर को बारा विधायक वाचस्पति द्वारा रामगढ़ धाम में विधिवत पूजन,अर्चन के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर लोकगायक अभिषेक हरिहर दुबे एवं धीरेंद्र कुमार की भजन संध्या ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। 17 दिसंबर को मुख्य मेला पर्व के दिन सुबह से ही पुलिस व स्वयंसेवकों द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं की गईं, जिनका संचालन कंट्रोल रूम से किया गया। इसी दिन श्रीराम मंच पर क्रांतिकारी किसान यूनियन के तत्वावधान में राष्ट्रीय किसान सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ।महोत्सव के मार्गदर्शक एवं रामगढ़ धाम के पुनरोद्धारक, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सजग समाज ही सतत विकास का आधार होता है, जिसका जीवंत उदाहरण आज रामगढ़ धाम और उसका आसपास का क्षेत्र है। उन्होंने संयोजक सचिन सिंह सहित समस्त कार्यकताओं, किसान संगठनों एवं पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया।सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नीलिमा मिश्रा के भक्ति एवं संवेदना से ओतप्रोत गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया, वहीं वरिष्ठ पत्रकार व कवि जगदंबा प्रसाद शुक्ल की सामयिक रचनाओं ने खूब तालियां बटोरीं। देवरहा बाबा सेवा ट्रस्ट के प्रिय शिष्य जंगल बाबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत नंदलाल महाराज ने की।महोत्सव के दौरान ज्ञानधारा पशु आहार कंपनी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने सहयोग दिया। मेला परिसर में लगे चिकित्सा शिविरों में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराई गईं। पशु चिकित्साधिकारी सुशील मौर्य ने पशुपालकों की समस्याओं का समाधान किया।18 दिसंबर, गुरुवार को ठाकुर इलाहाबादी के संयोजन में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में बिहारी लाल अम्बर, बिपिन बिहारी, अतुल शर्मा, वेदानंद वेद, प्राणेश, राम सुरेश अंजाना, सत्येंद्र शुक्ल, रेणु मिश्रा सहित कई नामचीन कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 से समाज शेखर के प्रयासों से रामगढ़ धाम का कायाकल्प हुआ है,जिसका सकारात्मक प्रभाव आज क्षेत्र के सामाजिक व सांस्कृतिक विकास में स्पष्ट दिखाई दे रहा है।महोत्सव के सफल आयोजन में रामगढ़ धाम पर्यटन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष इंद्रभान सिंह, महासचिव सचिन सिंह, उपाध्यक्ष छेदी लाल, वरिष्ठ सदस्य फूल सिंह पटेल, सचिव हंसराज, सालिक राम, पुष्पराज सिंह प्रधान, शैल कुमारी सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# जीएसटी सम्बंधित समस्याओं के समाधान व जागरूकता के लिए बैठक का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** केंद्रीय माल एवं सेवा कर आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर, 2025 को सिविल लाइन्स स्थित जीएसटी भवन के कौटिल्य सभागार में छोटे और मझोले व्यापारियों / ट्रेडर्स की जीएसटी सम्बंधित समस्याओं के समाधान और जागरूकता के लिए एक बैठक के आयोजन किया। उक्त बैठक की अध्यक्षता रजनी कान्त मिश्र, अपर आयुक्त, सेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा की गयी. सेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद के अन्य अधिकारी सुरेश कुमार सरोज और अनुपम कुमार तिवारी, सहायक आयुक्त तथा दिलीप यादव, अनुज मिश्र, असीम कुमार सिंह, अधीक्षक आदि भी बैठक में उपस्थित रहे। करदाता सेवा महानिदेशालय नई दिल्ली के अधिकारियों शैलेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त और संसार सिंह तोमर, निरीक्षक ने भी बैठक में हिस्सा लिया. इस दौरान कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोएल और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन प्रयागराज की ओर से शाखा के प्रेसिडेंट सीए सुशील कुमार शुक्ला और महिला प्रोफेशनल सीए अनुप्रिया पाण्डेय और सीए आयुषी जैन ने अपने विचार साझा किये. छोटे और मझोले व्यापारियों / ट्रेडर्स ने भी उक्त बैठक में हिस्सा लिया, जिसमे अजय गुप्ता, विभु अग्रवाल, दिनेश केसरवानी, अजय अग्रवाल, आशुतोष गोयल, आलोक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राज किशन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल तथा धर्मेन्द्र कुमार मिश्र




(रइह उद्योग की तरफ से) आदि प्रमुख रहे. बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने ऋॠळ के आठ वर्ष पूरे होने पर हर्ष व्यक्त किया तथा ऋॠळफ-9, 9उ, रिवर्स चार्ज मैकेनिस्म, ऋॠळ-2बी, फेक सप्लायर द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट, ऋॠळ फी३४१ल्ल ऋल्लॅ सिस्टम में टेक्निकल सुधारों आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी. व्यापार प्रतिनिधियों द्वारा विशेष रूप से छोटे और मझोले व्यापारियों के लिए, ऋॠळफ9 वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की मौद्रिक सीमा बढ़ाने, अनुपालन का बोझ घटाने और रिवर्स चार्ज मैकेनिस्म में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया. साथ ही, उन्होंने वास्तविक खरीदारों को काल्पनिक या गैर-मौजूद फर्मों द्वारा किए गए धोखाधड़ी के लिए दंडित नहीं किया जाना का सुझाव दिया। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन प्रयागराज शाखा द्वारा ऋॠळफ-9/9उ और ऋॠळ-2बी से सम्बंधित सुधारों पर जोर दिया गया।

# जीजीआईसी की छात्राओं ने किया मुक्त विश्वविद्यालय का शैक्षिक भमण

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के अत्यंत महत्वपूर्ण मिशन समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं को उच्च शैक्षिक, तकनीकी, प्रबंधन संस्थानों एवं विश्वविद्यालय में भ्रमण की योजना के क्रम में बृहस्पतिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बिहार, प्रतापगढ़ की 100 छात्राओं ने प्रधानाचार्य मनीषा रावत के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय की शैक्षिक कार्य प्रणाली को विस्तार से समझा। इस शैक्षिक भ्रमण का संयोजन प्रोफेसर देवेश रंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम समस्त छात्राओं को पांच समूह में वर्गीकृत किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक समूह का नेतृत्व मार्गदर्शन क्रमशः सहायक आचार्य डॉ0 नीता मिश्रा, डॉ0 सफीना समावी, डॉ0 दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ0 कामना यादव, डॉ सुमन सिंह, डॉ सुषमा सिंह तथा सौम्या तिवारी द्वारा किया गया।



राजकीय विद्यालय की ओर से प्रत्येक समूह के साथ उनकी शिक्षक अपर्णा त्रिपाठी, निशा पांडेय, श्रीमती अवंतिका, रेनू सिंह ने अपना सह नेतृत्व प्रदान किया। विश्वविद्यालय आगमन पर समूह का स्वागत प्रो0 देवेश ने किया तथा भ्रमण संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश सभी को प्रदान किया। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों से छात्राओं को अवगत कराया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान सभी ने विश्वविद्यालयके गंगा परिसर स्थित मीडिया सेल, प्रवेश अनुभाग, स्वअध्ययन सामग्री प्रकोष्ठ, परीक्षा विभाग आदि के संबंध में विशेष सूचनाएँ प्राप्त की। इस परिसर में उन्होंने कुलपति कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, वित्त अधिकारी कार्यालय तथा परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की विभिन्न गतिविधियों को समझा।भ्रमण के द्वितीय चरण में समूह सरस्वती परिसर स्थित विद्याशाखाओं में गये, जहाँ संबंधित निदेशकों तथा अध्यापकों ने विभिन्न कार्यक्रमों और कोर्सो के संबंध में विस्तार से सूचनाएं उपलब्ध कराई। निदेशक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने भ्रमण दल के बीच शिक्षकों को मुक्त शिक्षा संचालन के विभिन्न गुणात्मक पहलुओं की जानकारी देते हुए उन्हें भी अपने कैरियर अभिवर्धन में मुक्त विश्वविद्यालय से जुड़ने का संबल प्रदान किया। भ्रमण के तीसरे चरण में छात्राओं और अध्यापकों ने पुस्तकालय का अवलोकन कर विभिन्न पुस्तकों के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया तथा भविष्य में वह भी इस पुस्तकालय का उपयोग करने की इच्छा व्यक्त की। प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जेपी यादव ने विश्वविद्यालय की सरलतम प्रवेश प्रणाली से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर गिरीश कुमार द्विवेदी ने विश्वविद्यालय की लचीली एवं गुणवत्ता परक परीक्षा प्रणाली को समूह के साथ साझा किया। अंतिम पड़ाव में छात्राओं और शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासाओं को प्रस्तुत किया, जिसका समाधान प्रोफेसर देवेश रंजन त्रिपाठी द्वारा करते हुए सभी को विश्वविद्यालय आने पर धन्यवाद दिया एवं कुलपति के प्रति आभार प्रकट करते हुए शैक्षिक भ्रमण को समाप्त किया।

# पूसी तेरस मेले के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**करछना प्रयागराज।** कोहड़ार घाट करछना मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर कुशगढ़ में आयोजित दो दिवसीय पूसी तेरस मेला मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को सकुशल संपन्न हो गया। मेले के अंतिम दिन दिनभर मौसम खराब रहने से मेला क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम चहल-पहल रही, लेकिन देर शाम अचानक श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इससे मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में एक बार फिर रौनक लौट आई। मेले के पहले दिन बुधवार को मौसम अनुकूल रहने से दुकानदारों और व्यापारियों में खासा उत्साह देखा गया। लोग परिवार सहित मेले में पहुंचे और जमकर खरीदारी की। वहीं दूसरे दिन सुबह से ही मौसम बिगड़ने के कारण लोगों में थोड़ी मायूसी नजर आई। हालांकि शाम होते-होते मौसम में कुछ सुधार हुआ और दूर-दराज गांवों से बड़ी संख्या में लोग मेला देखने पहुंचने लगे। करछना, रोकड़ी, भड़ेवरा, धरवारा, भुण्डा, कौवा, बरांव, लोंहदी, खांई समेत क्षेत्र के कई गांवों से महिलाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी रही। मेला क्षेत्र में लगे झूले, खेल-खिलौने और विभिन्न दुकानों पर बच्चों की खासी भीड़ देखी गई। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और खेल-खिलौनों की दुकानों पर जमकर मस्ती की। वहीं महिलाओं ने खान-पान के सामान के साथ-साथ घरेलू उपयोग की वस्तुओं की

कुशगढ़ शिव मंदिर परिसर में देर शाम लौटी रौनक



खरीदारी की। प्रसिद्ध शिव मंदिर कुशगढ़ में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मान-मनौती करने वाले श्रद्धालुओं ने निशान चढ़ाकर अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। मेले में एक ओर मिठाई, गुड़ की जलेबी, दमआलू, फल और पकौड़ों की दुकानें सजी रहीं, तो दूसरी ओर खुर्पी, हंसिया, चौका, बेलन, करछुल, कराही सहित अन्य घरेलू जरूरत की वस्तुओं की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। व्यापारियों के अनुसार मेले में सबसे अधिक बिक्री गुड़ की जलेबी और दमआलू की हुई।बच्चों में बांसुरी, गुब्बारे, पतंग और जादू खिलौनों का खासा आकर्षण रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक अनूप सरोज के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा और मेला क्षेत्र में चौतरफा निगरानी की गई। मेला शांतिपूर्वक संपन्न होने पर मां सेवा संस्थान रोकड़ी के अध्यक्ष विनायक पंडित, ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश पांडेय, पंकज पांडेय, सचिन पांडेय सहित आयोजकों ने प्रशासन, पुलिस और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शीतलहर के दृष्टिगत कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति खुले में न सोये : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने कम्बल वितरण के साथ रैन बसेरों व अलाव जलने वाले स्थलों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों, कमजोर वर्ग को राहत दिलाने के लिये जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा विभिन्न स्थलों पर जाकर लोगों को कम्बल का वितरण किया गया तथा जनपद में स्थापित रैन बसेरों व अलाव जलने वाले स्थलों का निरीक्षण भी किया। डीएम ने रोंडबेज बस स्टैण्ड पहॅुचकर वहां पर बने रैन बसेरा व जल रहे अलाव का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान बस स्टैण्ड पर बने रैन बसेरा में गद्दे व रजाई की व्यवस्था नहीं थी जिस पर डीएम ने एआरएम रोडवेज को गद्दे व रजाई की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान बस स्टैण्ड पर गरीब एवं असहाय लोगों को कम्बल का वितरण भी किया। डीएम ने एआरएम रोडवेज कार्यालय में पहॅुचकर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उसके उपरान्त डीएम ने रेलवे स्टेशन पहॅुचकर अलाव स्थल का निरीक्षण किया तो मौके पर अलाव जलता हुआ नही पाया गया जिस पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि चिन्हित स्थल पर अलाव जलाया जाये इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाये। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर डीएम ने जरूरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण भी किया।



इसी प्रकार डीएम ने तुलसीसदन (हादीहाल) में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण कर गरीबों एवं असहायों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। हादीहाल में पुरूष व महिला हेतु अलग-अलग रैन बसेरा बनाया गया था जिसमें बेड की संख्या कम पाये जाने पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि 50-50 बेड की व्यवस्था करायी जाये। डीएम ने निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन व प्रमुख चैराहों आदि स्थलों पर रैन बसेरा स्थापित होने की होर्डिंग लगायी जाये व प्रचार प्रसार किया जाये जिससे जरूरतमंद लोगों को आश्रय मिल सके। उन्होने कहा कि रैन बसेरों की सूचना गूगल मैप डाली जाये जिससे लोगों को आसानी से जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने चैक घण्टाघर चैराहा पहॅुचकर अलाव का निरीक्षण किया एवं वहां पर गरीब, असहायों को कम्बल का वितरण भी किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठण्ड के दृष्टिगत चिन्हित स्थानों पर अलाव जलता रहे, ठण्ड के दौरान कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति सड़क के किनारे खुले में न सोने पाये, यदि कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ पाया जाये तो उसे रैन बसेरा में भेजवाया जाये। जिलाधिकारी ने बताया है कि जनपद में 220 अलाव हेतु चिन्हित स्थल एवं 21 रैन बसेरा बनाये गये है। उन्होने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत रात्रिकाल में भ्रमण कर अलाव का निरीक्षण करते रहे व कम्बल का वितरण भी करायें। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि रात्रिकाल में कोई भी गरीब एवं असहाय व्यक्ति आये तो उसे जनपद में स्थापित रैन बसेरा की सूचना अवश्य दें जिससे वहां रैन बसेरा में पहॅुचकर ठण्ड से बच सके।

## न्यूज झरोखा

### राजस्थान में 18 व 19 जनवरी को अमरूद महोत्सव में प्रतिभाग करें

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि 18 व 19 जनवरी 2025 को कृषि विभाग राजस्थान सरकार द्वारा सवाई माधोपुर राजस्थान में अमरूद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने जनपद के इच्छुक अमरूद उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि जो भी अमरूद उत्पादक कृषक अमरूद महोत्सव में प्रतिभागध्स्टाल लगाना चाहते है वह वांछित सूचना पिन्टू लाल पहाड़ी सहायक कृषि अधिकारी गंगापुर सिटी राजस्थान मो0नं0-9460095343 को अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर एवं अमरूद की बेस्ट क्वालिटी के पौधों की प्रजातिवार विवरण एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### रोजगार मेले का आयोजन 23 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा 23 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से राजकीय पॉलीटेक्निक चिलबिला परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 07 कम्पनियों द्वारा आपरेटरध्पैकर्स एण्ड मुवर्स, ट्रेनी, ट्रेनी आपरेटर, स्टोर एसोसिएट, बेलनेस एडवाइजर, आपरेटर के विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

### शीतलहरी में अलाव तलाशते मायूस दिखे राहगीर

**प्रतापगढ़।** शीतलहरी व घने कोहरे ने ठण्ड बढ़ा दी है। सर्द हवाओं के चलते ठण्ड से कांपते अलाव की खोज में राहगीर मायूस दिखे। तहसील लालगंज क्षेत्र में बीते कई दिनों से ठण्ड का प्रभाव दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। गुरूवार को सुबह से ही भगवान भास्कर बादलों के बीच में छिपे नजर आये। धूप न निकलने से ठण्ड का प्रभाव और बढ़ा नजर आया। वहीं कुहरे ने भी अपना असर दिखाया। जिसके चलते कामकाज को लेकर पैदल दुपहिया, आटो, ईरिक्शा व बाइक आदि से निकले राहगीर गलन भरी ठण्ड से कंपकपाते दिखे। वहीं क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में अपवाद को छोड़कर अलाव की व्यवस्था नदारद दिखने से लोग ठण्ड से बचाव को लेकर हलाकान भी नजर आये। क्षेत्र के राजेश्वर नाथ, अरविन्द कुमार सरोज, रामदीन यादव, त्रिलोचन तिवारी, दिवाकर तिवारी, गुलाब मिश्र, अश्विनी कुमार, सूर्यकांत, राम भरोसे यादव, आदि ने रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, सांगीपुर, घुइसरनाथ धाम, राजापुर, अठेहा, सगरा सुन्दरपुर, लीलापुर, अजगरा आदि जगहों के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग उठाई है। ईओ लालगंज इंद्र प्रताप का कहना है कि नगर के चैक समेत चार स्थानों पर अलाव जलवाया गया है। कुल दस स्थान चिन्हित किये गये हैं जिन पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की जा रही है।

### युवती के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला फुसलाकर युवक भगा ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह दिसंबर की शाम करीब पांच बजे उसकी उन्नीस वषीर्या पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। आरोप है कि इसी बीच मनोहरी का पुरवा सगरा सुंदरपुर लीलापुर निवासी रंजीत वर्मा पुत्र हरिशिव वर्मा युवती को शादी का झांसा देकर कहीं भगा ले गया। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** थ्रेसर मशीन में हाथ फंस जाने से गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी तिरपन वर्षीय शंकर वर्मा किसान था। वह गुरूवार को दोपहर खेत में थ्रेसर मशीन से मडाई कार्य कर रहा था। इसी बीच अचानक उसका हाथ थ्रेसर मशीन में फंसकर कट गया। हालत गंभीर होने से अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजवाया है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रात में हो रहे नाली निर्माण कार्य में घटिया सामाग्री उपयोग करने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के ढकवा नगर पंचायत में इन दिनों नाली निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोप है कि नाली का निर्माण रात के अंधेरे में कराया जा रहा है और निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण में गिट्टी की मात्रा बेहद कम डाली जा रही है, जिससे नाली की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटिया सामग्री के इस्तेमाल से नाली के जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।रात में निर्माण कराए जाने से पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि दिन में जांच से बचने के लिए रात के समय कार्य कराया जा रहा है। इससे नगर पंचायत और ठेकेदार की कार्यशैली पर संदेह गहराता जा रहा है।स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नगर पंचायत की ओर से अब तक इस मामले में कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है।अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस गंभीर आरोप को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाती है या नहीं। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक त्यागी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर अगर ठेकेदारी सही मात्रा में गिट्टी नहीं मिल रहा है तो करवाई किया जाएगा।



## सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में 23 से 24 दिसंबर तक

**प्रतापगढ़।** सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन जिला खेल कार्यालय में 23 से 24 दिसंबर तक किया जाएगा। इस बार आयोजित होने वाले खेलो में एथलेटिक्स कबड्डी वॉलीबॉल कुश्ती और बैडमिंटन शामिल है। उक्त सभी ही खेलो में तीन वर्गों सब जूनियर बालक व बालिका, जूनियर बालक व बालिका और सीनियर बालक व बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिन खिलाड़ियों ने भी पोर्टल पर अपने पंजीकरण सुनिश्चित किए है और उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहते है कृपया अपनी सूचना जिला खेल कार्यालय में 21 दिसम्बर तक या फिर हैंडबॉल प्रशिक्षक सचिन शुक्ला 9455393456 या कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव 9696881186 पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से भी जरूर दे। जिन खिलाड़ियों या टीमों की सूचना 21 दिसम्बर तक नहीं प्राप्त होगी ऐसे खिलाड़ी या टीमें डायरेक्ट उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं कर पाएगी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन के कार्यालयों की उपस्थिति पंजिका का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन स्थित समस्त कार्यालयों यथा जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रमध्स्वतः रोजगार, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता आरईडी, जिला दुग्ध विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता, जिला मुख्य पशु चिकित्साकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पशुपालन विभाग के मात्र 01 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने स्पष्ट मन्तव्य के साथ आख्या उपलब्ध करायें। भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो इसके लिये अपने कार्यालय का नियमित रूप समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सन्तुष्टि व्यक्त की गयी कि पूर्व के निरीक्षणों का यह परिणाम रहा कि आज निरीक्षण के समय लगभग सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वारण्टी गिरफ्तार, गया जेल

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सांगीपुर थाने के दरोगा मुसाफिर यादव गुरूवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वांछित वारण्टी अमेठी जनपद के महमदपुर गांव निवासी हरिकेश सरोज पुत्र सीरी सरोज को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

### एलटी ने सरकारी कामकाज में बाधा व धमकी की दी तहरीर

**पट्टी।** सीएचसी में तैनात लैब टेक्नीशियन शुभाशीष पांडे व उनके सहयोगी आशीष कुमार ने डाट्स परीक्षण लैब कक्ष में कामकाज निपटाने के दौरान पहुंचे युवक द्वारा बिना अनुमति एवं सुरक्षा मानक का पालन किए बगैर प्रवेश करते हुए सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। तहरीर में बताया गया है कि (टीवी) क्षय रोग अत्यंत संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी की जांच से संबंधित है। जहां संक्रमण की रोकथाम के लिए अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित है। लैब में काम कर रहे उन्हें तथा उनके सहयोगी पर टीवी रोग की दवा तत्काल देने का दबाव बनाया। जब बीमारी से संबंधित कार्ड पंजीकरण की जानकारी मांगी गई तो आरोपी युवक उत्तेजित होकर उन्हें धमकाने लगा। खुद को विधि विशेषज्ञ बताते हुए मुकदमा लिखवाने की धमकी दी और दोनों कर्मचारियों को भयभीत किया। स्वास्थ्य कर्मियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए सोशल मीडिया पर भी भ्रामक और तत्थविहीन बातें आरोपी द्वारा की जा रही हैं। परीक्षण लैब की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर उन्होंने मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग उठाई है।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को दिया पोषण पदार्थ



**बेलखरनाथ धाम।** ब्लाक अंतर्गत मॉडल प्राथमिक विद्यालय पिपरी खालसा में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के विभिन्न स्थानों को देखते हुए बच्चों को अतिरिक्त पोषण पदार्थ दिया तथा बच्चों की उपस्थिति की प्रशंसा की।

मॉडल प्राथमिक विद्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेंद्र स्वरूप निगम गुरुवार को अचानक पहुंचे।इस दौरान बच्चों की मासिक उपलब्धि का परीक्षण करते हुए कक्षा एक से पांच तक के कक्षाओं को देखा तथा सभी बच्चों को अपने हाथों से अतिरिक्त पोषण पदार्थ दिया। उन्होंने रसोई घर, गार्डन तथा विद्यालय के कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय परिवार वाला द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की।निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका डॉक्टर प्रीति मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्रा, फरहान अहमद, पंकज मिश्रा, यशवंत कुमार, मीरा देवी आदि मौजूद रहे।

### पति दूसरी महिला को लेकर फरार, पत्नी ने की शिकायत

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नचरौला गांव से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर दूसरी महिला को लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस समेत उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित महिला का आरोप है कि उसकी शादी वर्ष 2016 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद उसके दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र 7 वर्ष और 10 वर्ष है। महिला का कहना है कि उसका पति घर में रखे जेवरात बेचकर दूसरी महिला के साथ फरार हो गया है।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि पति फरार होने के बाद फोन पर उसे तरह-तरह की धमकियां दे रहा है। पति के चले जाने के बाद उसके सामने बच्चों के पालन-पोषण और रोजमर्रा के खर्चों की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।गुरुवार दोपहर करीब दो बजे पीड़ित महिला ने थाना आसपुर देवसरा पहुंचकर पुलिस व उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए पति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# युवाओं ने राजा भइया का किया भव्य स्वागत पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया का जनाधार पूरे देश में लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को विधानसभा के गोगाहर के उत्तरार गाँव निवासी अभिषेक त्रिपाठी के नेतृत्व में युवाओं ने राजभवन बेंती पर पहुँचकर राजा भइया का भव्य रूप से स्वागत किया। अभिषेक त्रिपाठी ने कुछ दिन पूर्व ही जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रमुख नेता पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी।इस अवसर पर युवाओं ने राजा भइया के समर्थन में जमकर नारे लगाए और जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि राजा भइया की नीतियों और उनके काम करने के तरीके से प्रभावित होकर वे पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि राजा भइया ने हमेशा युवाओं की आवाज को बुलंद किया है और उनके विकास के लिए काम किया है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। जिन्होंने राजा भइया का जोरदार स्वागत किया। युवाओं का कहना था कि राजा भइया का सनातन धर्म के प्रति समर्पण और क्षेत्र में हो रहे विकासकार्य और उनके काम करने के तरीके ने उन्हें प्रभावित किया है और वे उनकी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।उनके काम करने के तरीके और उनकी नीतियों ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया है।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज।** क्षेत्र के युवक की नोएडा में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी चैबीस वर्षीय पवन विश्वकर्मा पुत्र कमलेश विश्वकर्मा प्रतापगढ़ से दिल्ली चलने वाली बस पर काम करता था। परिजनों के अनुसार बीती चैदह दिसंबर को नोएडा के पास बस रूकने पर पवन खाना खाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे नोएडा स्थित हास्पिटल में भर्ती कराया। सुधार न होने पर परिजन उसे बीती सत्रह दिसंबर को इलाज के लिए एम्स रायबरेली ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में बछरावां के पास युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के पिता व बड़ा भाई अंजनी विश्वकर्मा मजदूरी करते हैं। घटना से परिजनों को रो रो कर बुराहाल है।

# विभिन्न मांगों को लेकर राजा भैया के माध्यम से सरकार को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन (ग्रापए) की कुंडा तहसील इकाई ने संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर कुंडा के विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। ग्रापए के तहसील अध्यक्ष शिवराम गिरी की अगुवाई में गुरुवार को राजा भैया के आवास पर राज्य सरकार को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने सात बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने ग्रापए के सदस्यों को मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह सहूलित देने, उनका आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा परिवहन विभाग की बसों में निःशुक्ल यात्रा हेतु सुविधा प्रदान करने और पत्रकारों के हितों के लिए जिला स्तर पर स्थाई समिति की नियमित बैठक कराने तथा मंडल पर मंडलायुक्त एवं तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में स्थायी समिति का गठन करके उसमें ग्रापए के अध्यक्ष को शामिल करने की मांग की।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश स्तर पर गठित मान्यता प्राप्त समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में संगठन के दो सदस्यों को शामिल करते हुए लखनऊ के दारुल शफा में निःशुल्क भवन की व्यवस्था की जाय तथा ग्रामीण पत्रकारों की समस्या का निदान करने के लिए ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाय और पत्रकारों पर कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने के पहले राजपत्रित अधिकारी से जांच कराई जाए। इस पर राजा भैया ने कहा कि वे खुद सीएम से मिलकर समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान संगठन मंत्री विश्व दीपक त्रिपाठी, प्रचार मंत्री लोकेश त्रिपाठी, पत्रकार अश्वनी मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### कोहरे के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक युवक गंभीर घायल

**पट्टी।** कोहरे के चलते पट्टी-चांदा मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मुजाही गांव से आगे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार महरूपुर निवासी 19 वर्षीय संदीप सैफाबाद बाजार से सब्जी लेकर शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान घने कोहरे के कारण आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली का पिछला पहिया उसकी बाइक से छू गया। संतुलन बिगड़ने से संदीप सड़क किनारे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी होने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए।

# हिंदुत्व ही भारत की पहचान हैं : प्रांत प्रचारक

**प्रतापगढ़।** सकल हिन्दू समाज समिति भूपियामऊ मंडल द्वारा शारदा वाटिका में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, मुख्य अतिथि अंजली दीदी महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा, कार्यक्रम के अध्यक्ष सियाराम सीताराम धाम ,विशिष्ट अतिथि राजाराम सरोज,अति विशिष्ट अतिथि महंत बृजेश गिरी रहे। भारत माता के दिव्य चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रवज्जलन के पश्चात कार्यक्रम की विधिवत शुरूवात की गई। हिन्दू सम्मेलन में क्षेत्रीय लोगों द्वारा सुंदरकाण्ड का पाठ एवं भजन कीर्तन की सुंदर प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि हिन्दुत्व भारत की पहचान है। संघ ने इसी मूल मंत्र को आधार बनाकर अपने संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म दुनिया का सबसे उदार धर्म है, जो प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र चिंतन और परम विचार की आजादी देता है। भारत की सांस्कृतिक जड़ें एक हैं, भले ही उपासना पद्धतियां अलग-अलग हों, लेकिन हमारे पूर्वज और मूल एक ही हैं। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर अंजली दीदी ने कहा अब हिंदुओं को एकजुट होकर विधर्मी ताकतों के खिलाफ कट्टर होना होगा। विशिष्ट अतिथि राजाराम सरोज और महंत बृजेश गिरी ने भी हिंदू सम्मेलन में अपना ओजस्वी विचार प्रकट किया। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष सियाराम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की सामूहिक आरती के साथ पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनूप सिंह ने किया।कार्यक्रम में विभाग संचालक रमेश, जिला संघचालक चिंतामणि, खंड संघचालक कृष्ण देव,खंड कार्यवाह रवि,सहखंड कार्यवाह आशीष,अवनीश मिश्र ,सुभाष मिश्र, आनंद ,बृजेश शर्मा,गुड्डू पांडेय, राजेश सिंह ,राजेश,भट्ट,अरविंद ओम, नीरज ओझा आदि उपस्थित रहे।



# स्कूल जा रही साइकिल सवार बालिका को डंपर ने कुचला मौके पर मौत

अखंड भारत संदेश

**डंपर को पुलिस ने किया बरामद दुर्घटना करने वाले चालक की थाना पुलिस कर रही है तलाश**

**सड़क पर घना कोहरा और अनियंत्रित यातायात दुर्घटना का बना है कारण**

**महेवाघाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर चौराहे के पास साइकिल से स्कूल जा रही एक बालिका को डंपर चालक ने कुचल दिया है जिससे बालिका डंपर में फस गई और काफी दूर तक घिसट कर बालिका चली गई है जिससे बालिका की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पुलिस पहुंची है और बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना के बाद डंपर चालक घटना स्थल से फरार होकर कुछ दूर आगे भवनसुरी गांव के पास डंपर को खड़ा करके चालक फरार हो गया है पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश कर रही है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते घर परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी



सरिता देवी उम्र 15 वर्ष पुत्री छोट्टन क्षेत्र के विद्यालय की विद्यार्थी है घने कोहरे के बाद भी विद्यालय खुले हैं बालिका साइकिल लेकर गुरुवार की सुबह लगभग 9:00 बजे विद्यालय पढ़ने जा रही थी अचानक बैरागीपुर चौराहे के पास डंपर ने बालिका को कुचल दिया है जिससे बालिका का गर्दन धड़ से अलग हो गया है मौके पर बालिका की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर कुछ दूर आगे चला गया और डंपर छोड़कर फरार हो गया है सड़क पर घना कोहरा और अनियंत्रित यातायात दुर्घटना का कारण बना है दुर्घटना देखकर आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही विद्यालय के लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना परिवार के लोगों को दी गई है मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और डंपर को बरामद कर लिया है दुर्घटना करने वाले चालक की तलाश थाना पुलिस कर रही है।

## मिलावटी दूध की बिक्री पर रोकथाम हेतु विशेष अभियान चला कर प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

**कौशांबी।** मंडलीय सहायक आयुक्त खाद्य प्रयागराज मंडल की उपस्थिति में 18/12/2025 को मिलावटी दूध की बिक्री पर रोकथाम हेतु विशेष अभियान चला कर सैनी स्थित हीरा कोल्ड स्टोरेज परिसर में संचालित दुग्ध अवशीतन केंद्र राघव डेयरी,दुर्गा प्राइवेट लिमिटेड, उज्वल डेयरी के डंप टैंक और स्टोरेज टैंक से मिश्रित दूध के नमूने संग्रहीत किए गए। कैंपस में इनाम उल्ला के पिकअप पर रखे हुए टंकी से दूध लदे हुए वहां से नमूना लिया गया। जांच के दौरान टीम के संज्ञान में यह भी आया कि दुर्गा इंटर प्राइसेज द्वारा झारखंड में सप्लाई की जा रही है।मौके पर राघव डेयरी में 8000 लीटर, दुर्गा इंटरप्राइसेज में 14000 लीटर, उज्वल डेयरी में 15000 लीटर और इनाम उल्ला द्वारा 2000 लीटर दूध भंडारित पाया गया।कुल 04 नमूने संग्रह कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी अप्पे एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल



**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत नेशनल हाईवे पर डोरमा गांव के समीप अनियंत्रित होकर एक अप्पे गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया मिली जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली के सौरई खुर्द गांव निवासी गंगाराम अपने बेटे विनोद पोते अमन पुत्र सुरेंद्र और भतीजे बच्चा लाल पुत्र रामचरन के साथ अप्पे गाड़ी से फतेहपुर जा रहे थे बताया जा रहा है कि फतेहपुर के छीमी पुरइन गांव में स्थित उनके खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है जिसमें खाद डालने के लिए पूरा परिवार सुबह घर से निकला था जैसे ही उनकी गाड़ी डोरमा गांव के पास नेशनल हाईवे की सर्विस लेन पर पहुंची तभी सामने से एक बाइक सवार अचानक आ गया बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया तेज रफ्तार अप्पे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई गाड़ी पलटते ही उसमें सवार चारों लोग गाड़ी के नीचे दब गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी को सीधा किया और नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में भर्ती कराया प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने चारों की हालत चिंताजनक बताते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर रेफर कर दिया है।

### मंझनपुर में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन, एकजुटता पर जोर



**कौशांबी।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मंझनपुर में एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख सुभाष जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ. रवींद्र नाथ शुक्ला ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि खाद्य विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर ममता चौधरी मौजूद रहीं। सम्मेलन का संचालन मुकुंदी लाल केशरवानी ने किया। मुख्य वक्ता सुभाष जी ने कहा कि आज हिंदू समाज को एकजुट होने की सख्त आवश्यकता है। हमें सामाजिक बुराइयों को त्यागकर एक साथ आना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा, महिला सम्मान, खाद्य सुरक्षा और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। सुभाष जी ने जोर देकर कहा कि हिंदू समाज को अपनी प्राचीन सनातन संस्कृति को समझना होगा और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना होगा। अध्यक्षता कर रहे डॉ. रवींद्र नाथ शुक्ला ने कहा कि हमारी संस्कृति ने विश्व को आयुर्वेद और योग जैसे अमूल्य उपहार दिए हैं। इनका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और ये हमें स्वस्थ तथा सुंदर बनाए रखते हैं। विशिष्ट अतिथि ममता चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति संपूर्ण विश्व के कल्याण की बात करती है। इस अवसर पर शिव प्रसाद, शशांक खरे, सत्यनारायण, वेद प्रकाश सत्यार्थी, चंद्र प्रकाश, हिंदू जागरण मंच के यशवंत यदुवंश, पुष्पेंद्र पांडेय, आशीष कुमार बच्चा, झल्लर चौरसिया, प्रेमचंद चौधरी, सर्वेश पटेल, हनुमान पटेल, शिव बरन, ऋषभ द्विवेदी, शिवांशु शुक्ला, शिव शंकर लोधी, कमलेश, भुवनेश्वर तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी मंझनपुर में प्रारंभ



**कौशांबी।** बीआरसी मंझनपुर में को- लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 18.12.2024 को प्रारंभ किया गया। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिव्यांग बच्चों के स्क्रीनिंग, समावेशन और संदर्भित करने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक सरकारी व्यवस्था है जिसमें लगभग 14 लाख केंद्रों के माध्यम से 8 करोड़ से अधिक बच्चों तक नियमित रूप से पहुंच है। देश के इतिहास में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए दिव्यांग बच्चों के स्क्रीनिंग और समावेशन हेतु यह प्रोटोकॉल लॉन्च किया जा रहा है इसमें प्रारंभिक संकेत एवं लक्षणों के आधार पर बच्चों की जांच एवं पहचान की जाएगी। संदर्भ दाता राजीव कुमार तिवारी स्पेशल एजुकेटर एवं श्रीमती मीनू शुक्ला स्पेशल एजुकेटर के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सभी बच्चों को उनके विकासात्मक चरण के प्रमुख सूचनाओं में देरी के लिए किस प्रकार मूल्यांकन किया जाए तथा प्रारंभिक संकेत एवं लक्षणों के आधार पर किस प्रकार बच्चों की जांच की जाए इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं उनकी सहायता तथा पोषण ट्रैक्टर के माध्यम से बच्चों के प्रगति को ट्रैक करना सुनिश्चित करना है।इस प्रशिक्षण में 34 को- लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### अटल रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले के प्रचार-प्रसार वाहन को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय आईटीआई सिराथू के परिसर में आयोजित होने वाले बृहद अटल रोजगार मेले एवं अप्रेन्टिसशिप मेले के सघन प्रचार-प्रसार वाहन को विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन जनपद के सभी स्थानों में पहुँचकर बृहद अटल रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का प्रचार-प्रसार करेंगी। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु, जिला सेवायोजन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक विनोद कुमार सिंह एवं कौशल विकास मिशन कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### जनता दर्शन में आए वृद्ध को डीएम ने प्रदान किया कम्बल



**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने जनता दर्शन में गुरुवार को आए वृद्ध सोनी लाल पुत्र पितई, निवासी-कोखराज की समस्या को गम्भीरता से सुनकर सम्बन्धित अधिकारियो को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वृद्ध सोनी लाल को ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत उन्हें कम्बल भी प्रदान किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया है कि ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत जरूरतमंद लोगों को कम्बल प्रदान करना सुनिश्चित करें तथा चिन्हित स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने रैन बसेरों में भी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाएं रखने के निर्देश दिए हैं।

# अनुशासनहीन पंचायत सचिव पर मेहरबान डीपीआरओ

**डीपीआरओ के आदेश की अवहेलना करने वाले पंचायत सचिव पर अभी तक नहीं की गई निलंबन की कार्रवाई**

**कौशांबी।** अनुशासनहीन पंचायत सचिव पर जिला पंचायत राज अधिकारी की लगातार मेहरबानी बनी हुई है जिससे ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार कम नहीं हो रहा है और विकास योजनाएं पूरी तरह से बाधित है दर्जनों ऐसे पंचायत सचिव है जो डीपीआरओ के आदेश का पालन नहीं करते हैं उसके बाद भी उन पर कठोर कार्रवाई नहीं होती बल्कि अनुशासनहीन पंचायत सचिव के दबाव के बाद अफसर झुकते दिखाई पड़ रहे हैं अब सवाल उठता है कि अफसर के सामने कौन सी मजबूरी है या फिर काली कमाई में अफसर भी हिस्सेदार है जो जांच का विषय है पंचायत सचिव और जिला पंचायत राज अधिकारी के इस कारनामे से जहां एक और अधिकारियों की मान मयार्दा खराब हो रही है वहीं पंचायत सचिव की तानाशाही कम नहीं हो रही है अनुशासनहीन तमाम पंचायत सचिव के कारनामों में मंझनपुर विकासखंड में पिछले 14 सालों से तैनाती पा कर नौकरी करने वाले पंचायत सचिव दिनेश पाल का उदाहरण पर्याप्त है। मंझनपुर विकासखंड से दिनेश पाल का पूर्व में भी कई बार स्थानांतरण दूसरे विकासखंड क्षेत्र में हुआ लेकिन मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र से दिनेश पाल का मोह भंग नहीं हो रहा है यहां इन्होंने करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित की है उसके चलते मंझनपुर विकासखंड कार्यालय को यह छोड़ना नहीं चाहते 10 दिन पहले जिला पंचायत राज अधिकारी ने दिनेश पाल पंचायत सचिव का स्थानांतरण विकासखंड मंझनपुर से करते हुए दूसरे विकासखंड चायल में इनको तैनाती का आदेश दिया लेकिन डीपीआरओ का आदेश पंचायत सचिव के लिए कोई मायने नहीं रखता है यह तो अपने को खुद मुख्यमंत्री समझते हैं और डीपीआरओ इनके सामने बौना साबित होते हैं 10 दिन बीत जाने के बाद भी डीपीआरओ के आदेश का पालन करते हुए उन्होंने दूसरे विकासखंड में जॉइनिंग नहीं किया है डीपीआरओ के आदेश की अवहेलना करने वाले पंचायत सचिव पर अभी तक निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई जिससे जिला पंचायत राज अधिकारी की लापरवाही और उनके कमजोर नेतृत्व क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है सवाल उठता है कि किसी भी विकासखंड क्षेत्र में 14 वर्षों तक लगातार तैनाती किस नियम के अनुसार की गई है आखिर किन नेताओं के दबाव में दिनेश पाल को लगातार मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में तैनाती दी जा रही है और इनका स्थानांतरण किए जाने के बाद स्थानांतरण बार-बार रद्द किया जा रहा है जबकि उनके ऊपर कई बार सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के भी गंभीर आरोप लगे लेकिन जांच के नाम पर सब लीपापोती हो चुकी है कुछ वर्षों के नौकरी में करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित की है जो भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है भ्रष्टाचार निवारण संगठन से इनकी अकूत संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग क्षेत्र की जनता कर रही है।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं इंडीकेटर्स की प्रगति एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडीकेटर्स की प्रगति एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने विभागीय योजनाओं/ इंडीकेटर्स में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आभा आई.डी. सहित कई इंडीकेटर्स प्रदेश में बेहतर रैंक प्राप्त करने/प्रगति अच्छी पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रभावी अनुश्रवण न पाए जाने पर उपायुक्त श्रम रोजगार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता उ.प्र. पुलिस आवास निगम, वाराणसी के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा अग्निशमन केन्द्र को हैण्डओवर न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाप्रबन्धक दुग्ध विकास, प्रयागराज को जनपद कौशाम्बी में तीन दिवस निर्धारित कर कार्यों को सम्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता, सिडको को बस अड्डा, परसरा का शेष कार्य पूर्ण कराकर शीघ्र हैण्डओवर करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओ से कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन परियोजनाओं को शीघ्र हैण्डओवर कर दिया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समबद्धता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। निर्माण कार्य में भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति भी सुनिश्चित किया जाय।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नेता राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई है भाजपा : गौरव पाण्डेय

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** मोदी सरकार द्वारा पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी व पांच अन्य के विरुद्ध दुर्भावना से नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई को बदले की भावना से प्रेरित और अवैध करार देते दिल्ली की अदालत ने खारिज कर दिया है। सरकार की इस बदनीयती और गैर कानूनी तरीके से की गई कार्यवाही के खिलाफ आज जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर से लेकर भाजपा कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात पुलिस ने बलपूर्वक जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय सहित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया.! इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि हम अपने नेता के मान सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे.! भाजपा द्वेष पूर्ण हमारे नेताओं को परेशान करती है जिसका हम कांग्रेसजन विरोध करते हैं! राहुल गांधी देश की उम्मीद हैं हमारे नेताओं के खिलाफ ईड्डीड्ड की कार्यवाही कराना इससे साफ स्पष्ट है कि राहुल जी से भाजपा पूरी तरह बौखलाई है! इसके बाद प्रदेश सचिव एवं जिला संयोजक राजेश साहनी ने कहा कि राहुल गांधी जी देश के भविष्य हैं भाजपा उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है इस लिए वह ईड्डीड्ड का सहारा लेकर हमारे नेता नेताओं को परेशान करती है तत्पश्चात मनोज सिंह पटेल ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी के बारे में अनाप शनाप आरोप लगाती है जिसका माननीय न्यायालय खंडन कर देती है यह केवल उनकी लोकप्रियता को कम करने के लिए है इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास ने कहा कि सोनिया जी त्याग की प्रतिमूर्ति हैं उन्होंने देश की आन के खातिर बहुत कुछ सहा है राहुल गांधी से देश को बहुत उम्मीदें हैं कि जनता, बेरोजगारी,और महंगाई से परेशान है वह केवल राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है ताकि राहुल गांधी के नेतृत्व में देश उज्वल और सुरक्षित बने ! इसी लिए भाजपा हमारे नेताओं को परेशान करती है! इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ महिला नेत्री आबिदा जिला उपाध्यक्ष पप्पू मिश्र, राज नारायण पासी, अलकमा उस्मानी, जितेंद्र यादव, शिवलेश मिश्रा, श्याम सिंह भदौरिया एल केसरवानी,धर्मराज मिश्रा प्रदीप सिंह पटेल भागीरथी सिंह पटेल, लल्लू सरोज, रामेश्वर पांडेय (कल्लू मोर्छा), अशोक पांडेय, रावेंद्र सिंह यादव, मनोज पासी, नरेंद्र सिंह लोधी, शुभम मिश्रा, मोबीन अहमद, मो असद, मो मिजान, मो शारिक, धीरेन्द्र यादव, रवि यादव, तबरेज अहमद, मो सलमान, मानसिंह पासी, रामनेवाज यादव,अर्श खुर्शीद, इंद्रपाल, राम दास, बिर्फ्ई,अवधेश कुमार, नंदलाल, विदेही लाल, बाबू लाल, छोटे लाल,कमल, जमशेद खल्लाबादी, अमर,गब्बर, ओम प्रकाश, बृजलाल, अमृतलाल, शकील अब्बास, मो नोमान, फरहत कुरैशी, विनोद चौधरी,दानिश एख्लाक इसरार खान, शिव भूषण गोस्वामी, नफीस करारी, भागी रथी सिंह, बेलाल हसन, नईम हाशमी, फरहत कुरैशी, महबूब उस्मानी, अनीस अहमद, मो असलम, हेमंत कुमार रावत,आरिज समद, जुनैद, नोखेलाल यादव, शारदा प्रसाद यादव, अशरफुल इस्लाम, मो फहीम, मो अकबर, आकिब, सुरेंद्र कुमार सरोज, मो शाहरुख (मसरूर), मो आमिर, मुन्ना प्रजापति, सचिन दिवाकर, मो असलम, राजेंद्र कुमार, शहनवाज, उमेश कुमार, करार अहमद, दीपू, मिथलेश कुमारी, मो शाहरुख, पूजा देवी, मालती देवी, सुनील कुमार समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**हररायपुर कौशांबी।** राम वनगमन मार्ग पर चल रहे कार्य के कंस्ट्रक्शन कम्पनी के कर्मचारी कौशिक पुत्र रणवीर सिंह निवासी सरकोरिया थाना इगलास अलीगढ़ द्वारा 28.11.2025 को थाना संदीपनघाट पर सूचना दी गयी कि रोड़ के किनारे लगे मेटल बीम व अन्य स्पेशल पार्ट अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया थाना संदीपनघाट पर मु0अ0सं0 270/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना के सम्बन्ध में राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन कर घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। उपरोक्त क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार चेकिंग की जा रही थी पुलिस टीम द्वारा छितापुर बसेढी मार्ग पर राम वनगमन मार्ग के अण्डरपास के नीचे चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान एक चार पहिया वाहन आते हुये दिखाई दिया, जिसे रोकने के लिये टार्च की रोशनी से इशारा किया गया तो चालक गाड़ी रोककर उतरकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया तथा गाड़ी के अन्दर बैठे 02 अन्य व्यक्तियों को भी पकड़ लिया गया । पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर उनके द्वारा अपना नाम प्रदीप पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी नीभू थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात वा विकास उर्फ अन्नू पुत्र पुत्तन निवासी ग्राम उसरी थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात वा सुचेन्द्र स्व0 शिवपाल सिंह निवासी नीभू थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात बताया गया गाड़ी की तलाशी ली गयी तो उसमें से चोरी किये हुये 13 स्पेशल पार्ट ईंगल लोहे के, 160 अदद नट बोल्ट, 01 अदद रिंच व 02 अदद पाना बरामद हुआ तथा अभियुक्तों की जामा तलाशी से उनके पास से 14070 /- रुपए व 04 अदद मोबाइल फोन बरामद किये गये । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**हररायपुर कौशांबी।** आपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा गस्त चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि 01 महीने पहले थाना क्षेत्र के साक्षी टेन्ट हाउस में हुयी चोरी की घटना से सम्बन्धित आरोपी नसीरपुर मोड़ के पास मौजूद है, इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा नसीरपुर मोड़ के पास पहुंचकर घेराबन्दी करते हुये अभियुक्त अखिलेश उर्फ तुब्बा पुत्र शिव लाल निवासी ग्राम मितवापुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर लिया गया अभियुक्त की जामा तलाशी से उनके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना संदीपघाट पर मु0अ0सं0 286/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैने अपने साथी अमित उर्फ छोटू के साथ मिलकर 02 महीने पूर्व साक्षी टेन्ट हाउस से रुपए चोरी किये थे, जिसे आपस में बाट लिया था, मुझे हिस्से में 25,000 रू0 मिला था जो खर्च हो गये हैं।

# सरकार के विभिन्न टैक्स की चोरी करके लगाए गए मेला की जांच करने नहीं पहुंच रहे अधिकारी

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में बीते कई दिनों से झूला मेला का आयोजन मनमानी तरीके से किया जा रहा है मेला लगाने के पूर्व विभिन्न विभागों के परमिशन नहीं लिए गए हैं बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी मेला के अंदर दुकानदारों द्वारा की जा रही है इस अंधेरगर्दी की विभिन्न विभाग के अधिकारी भी जांच करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं सुरक्षा को दरकिनार कर जनपद मुख्यालय में मेला लगाया गया है सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं है अग्निशमन का परमिशन नहीं लिया गया है मनोरंजन विभाग से झुला का परमिशन नहीं लिया गया है जिससे मनोरंजन कर की चोरी भी बड़े पैमाने पर हो रही है बिजली की चोरी करके मेले के अंदर दुकानदारों द्वारा हीटर व बिजली के अन्य उपकरण का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी भी तमाशा देखने तक सीमित रह गए हैं मेला की भीड़ के चलते रोड पर अतिक्रमण की स्थिति पूरे दिन बन जाती है जबकि इस व्यावसायिक मेले में सड़क को जाम करने का इन्हें किसने अधिकार दिया है सड़क पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे आवागमन प्रभावित होता है मेला के टिकट प्रवेश के



नाम पर मेला संचालकों द्वारा खुलेआम वसूली हो रही है मेला क्षेत्र में स्वच्छता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं चारों तरफ गंदगी दिखाई पड़ रही है मनोरंजन चोरी के इस मामले में अभी तक मनोरंजन कर अधिकारियों ने झूला मेला परिसर की जांच कर मेला संचालकों को कानून का पाठ नहीं पढ़ाया है मनमानी तरीके से नियम विरुद्ध बड़े-बड़े खतरनाक झूला लगाए गए हैं जिनमें बच्चे महिलाएं झूला झूलते हैं योग्य इंजीनियर और कारीगर नहीं है तमाम विभागों के नियमों के अनदेखी कर मनमानी तरीके से मेला लगाए जाने के बाद यदि कोई बड़ी घटना हुई तो कौन जिम्मेदार होगा। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड पर बीते कई वर्षों से बड़े-बड़े खतरनाक झूला लगाकर टिकट के नाम पर जनता से लूट करने वाले सरकार के विभिन्न प्रकार के कानून नियम का उल्लंघन करने टैक्स की चोरी करने मेला में करोड़ों के व्यापार में जीएसटी की चोरी के मामले में कई दिन बीत जाने के बाद कार्यवाही नहीं हुई है छोटे-छोटे दुकानों पर टैक्स चोरी पर कार्यवाही करने वाले जीएसटी विभाग के अधिकारी मेला में करोड़ों के व्यापार में टैक्स चोरी को नहीं रोक रहे हैं जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है जीएसटी चोरी करके एक महीने में मेले के नाम पर करोड़ों रुपए का व्यापार करने वाले मेला के दुकानों पर आखिर टेक्स चोरी रोककर मुकदमा दर्ज कराकर जीएसटी चोरी रोकने का प्रयास अफसर ने क्यों नहीं किया है या फिर अफसरों के घर में भी मेले का सामान पहुंच रहा है। छोटे-छोटे कार्यक्रम में लाउडस्पीकर और डीजे का परमिशन लेने का नियम बना है बिना परमिशन के धार्मिक कार्यक्रम और शादी विवाह के कार्यक्रम भी नहीं हो पाते हैं लेकिन मेला में बजने वाले डीजे साउंड और लाउडस्पीकर का परमिशन न होने के बाद खुलेआम तेज आवाज में साउंड बजाया जा रहा है आखिर झूला संचालक पर इतनी मेहरबानी क्यों है शादी विवाह धार्मिक कार्यक्रम और दुर्गा पूजा पंडाल गणेश महोत्सव पंडाल में दो साउंड को बंद कराने पहुंचने वाली थाना पुलिस कई दिन से मेला में बिना परमिशन के बज रहे साउंड को बंद करने नहीं पहुंच रही है नियम विरुद्ध मेला संचालन का ठेकेदार कौन है यह जांच का विषय है अंधेर तो तब हो गया जब कौशांबी मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड के विशाल मेला झूला में सैकड़ो दुकानों में चोरी की विद्युत से बड़े-बड़े हीटर जलाए जाते हैं साउंड वा लाइट जलाई जाती है चोरी से बिजली का उपयोग किया जाता है आखिर किसके संरक्षण में विद्युत चोरी होती है और विद्युत चोरी पर विभागीय अधिकारी रोक क्यों नहीं लगा रहे हैं यह तमाम सवाल मेला की व्यवस्था पर खड़े हैं।

# एशियाई देशों के बीच सद्भाव सुनिश्चित करने में मददगार हो सकते हैं रूसी राष्ट्रपति

## सम्पादकीय

## आस्ट्रेलिया पर आतंकी हमला

**आस्ट्रेलिया** में हुए भयावह आतंकी हमले से एक बार फिर दुनिया सन्न रह गई है। सिडनी के बोंडी बीच पर रविवार को यहूदी पर्व हनुक्का के दौरान दो आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 साल की बच्ची भी शामिल है, वहीं करीब 50 लोग घायल हुए हैं। दोनों आतंकी जिस तरह खुशियां मनाते लोगों पर बेरहमी से गोलियां चलाने लगे, उसने पहलगाम आतंकी हमले की खौफनाक याद दिला दी। बोंडी बीच पर दोनों आतंकियों के गोलियां बरसाते वीडियो सामने आए हैं। जिस अंदाज से उन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उससे अनुमान लगता है कि उनके पास न केवल अत्याधुनिक हथियार थे, बल्कि उन्हें चलाने का बाकायदा प्रशिक्षण भी उन्हें मिला है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गोलीबारी के बाद पास की एक सड़क पर एक कार से कई 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' यानि विस्फोटक बरामद किए गए, यानी हमले की साजिश इससे कहीं ज्यादा तबाही फैलाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मारने की थी। गनीमत यह रही कि आतंकियों का मंसूबा पूरा नहीं हुआ। एक आतंकी तो पुलिस की गोली से घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि दूसरा अभी घायल है। पुलिस के मुताबिक दोनों आतंकी बाप-बेटे थे। उनके नाम साजिद और नवीद अकरम बताए गए हैं। खबर है कि मूल रूप से ये दोनों पाकिस्तान के थे। भारत के बाद अब आस्ट्रेलिया हमले में भी पाकिस्तान का नाम आने के बाद शाहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रमुख असीम मुनीर की चुनौतियां बढ़ने वाली हैं, क्योंकि अब इस घटनाक्रम में ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ इजरायल भी जुड़ चुका है, यानी परोक्ष तौर पर अमेरिका भी जुड़ा ही हुआ है।

यह हमला यहूदियों पर हुआ है, इसलिए इजरायल की स्वाभाविक तौर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने इसे यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया 'आतंकवादी हमला' करार दिया है, यानी आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी माहौल बन रहा है, इसे सरकार ने भी मान लिया है। बता दें कि बोंडी बीच इलाका, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े यहूदी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां करीब 40,000 यहूदी रहते हैं। हनुक्का उत्सव के पहले दिन आयोजित इस समुद्र-तटीय कार्यक्रम में करीब 1,000 लोग मौजूद थे। यानी आतंकी जानते थे कि किस वक्त हमला करके सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इस हमले के बाद फिलीस्तीन में किए जा रहे अपने आक्रमण को न्यायोचित ठहराने का मौका मिल गया है। हालांकि नेतन्याहू इस तथ्य को अनदेखा कर रहे हैं कि गजा में मासूमों की जान लेने की कीमत दुनिया भर में उन यहूदियों को चुकानी पड़ रही है, जो शांति से अपना जीवन गुजार रहे हैं। दुनिया के कई देशों में यहूदियों और मुस्लिमों के बीच संदेह बढ़ने का माहौल बन रहा है। लेकिन ये संदेह इस तरह आतंकी हमले की शक्ल में मासूमों की जान लेगा, यह अनुमान नहीं था। नेतन्याहू ने इस हमले पर अब ऑस्ट्रेलिया की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया की नीतियां 'यहूदी-विरोधी आग में घी डालने' का काम कर रही हैं।

— डॉ. अरुण मित्रा

**गुटनिरपेक्ष** आंदोलन (नैम)की संस्थापक आवाज के रूप में, दुनिया भारत से उम्मीद करती है कि वह परमाणु निरस्त्रीकरण, छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाने और स्थायी शांति को बढ़ावा देना जारी रखेगा, खासकर हमारे अपने क्षेत्रीय दायरे में। इस भूमिका को निभाने के लिए, भारत को एक सूक्ष्म और कुशल कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा और उनका गर्मजोशी से स्वागत एक बार फिर इस बात को रेखांकित करता है कि जवाहर लाल नेहरू की भरोसेमंद भारत-रूस दोस्ती की विरासत आज भी कायम है। हालांकि आज का रूसी संघ पूर्व सोवियत संघ नहीं है, लेकिन यह भी सच है कि रूस पूर्व सोवियत संघ का सबसे महत्वपूर्ण घटक था, और उस विरासत के कई तत्व आज भी मौजूद हैं। जैसा कि टैलीन में इंटरनेशनल सेंटर फॉर डिफेंस एंड सिक्योरिटी के रिसर्च फेलो इवान यू. क्लिश ने 6 दिसंबर 2025 को द टाइम्स ऑफ इंडिया में छपे अपने एक लेख में लिखा था, 'सोवियत युग की राजनीतिक और रणनीतिक विरासतें क्रेमलिन की सोच को आकार देना जारी रखे हुए हैं।'

दूसरे विश्व युद्ध के बाद उभरी द्विध्रुवीय व्यवस्था से लेकर 1990 के दशक की एकध्रुवीय दुनिया तक, और अब तेजी से बहुध्रुवीय होते माहौल तक, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में नाटकीय बदलाव आए हैं। आज, दुनिया के तीन प्रमुख शक्ति केंद्र-चीन, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका -मजबूत अर्थव्यवस्थाओं, उन्नत सेनाओं और वैश्विक प्रभाव के मालिक हैं। भारत, अपनी बड़ी आबादी और बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ, एक उभरती हुई शक्ति बना हुआ है, लेकिन अभी भी निम्न मध्यम-आय वर्ग से आगे बढ़ने के संक्रमण काल से गुजर रहा है। हालांकि एक बड़ा बाजार होने के बावजूद, वैश्विक भू-राजनीति को निर्णायक रूप से आकार देने से पहले हमें अभी काफी लंबा रास्ता तय करना है।

गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम)की संस्थापक आवाज के रूप में, दुनिया भारत से उम्मीद करती है कि वह परमाणु निरस्त्रीकरण, छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाने और स्थायी शांति को बढ़ावा देना जारी रखेगा, खासकर हमारे अपने क्षेत्रीय दायरे में। इस भूमिका को निभाने के लिए, भारत को एक सूक्ष्म और कुशल कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। उत्साहजनक रूप से, वर्तमान भारतीय नेतृत्व ने यह पहचानना शुरू कर दिया है कि भू-राजनीतिक संबंध वैचारिक समानता के बजाय आपसी हितों से निर्देशित होते हैं।

रूस ने दिसंबर 1998 में तत्कालीन प्रधान मंत्री येवगेनी प्रिमाकोव के माध्यम से रूस-भारत-चीन (आरआईसी) रणनीतिक त्रिकोण का प्रस्ताव रखा था, जिसकी कल्पना अमेरिकी एकध्रुवीय प्रभुत्व के प्रतिकार के रूप में की गई थी। उस समय भारत ने सीमित उत्साह दिखाया था।

हालांकि, बदलती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के कारण ब्रिक्स का उदय हुआ। 2001 में गोल्डमैन सैक्स के एक अर्थशास्त्री ने ब्राजील, रूस, भारत और चीन के लिए ब्रिक्स शब्द को गढ़ा था ताकि चारों देशों की गतिशीलता में वृद्धि को दिखाया जा सके, जो बाद में ब्रिक्स समूह के रूप में एक वैश्विक राजनीतिक पहल के रूप में विकसित हुआ, जिसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाना और संतुलित करना है।



आज,ब्रिक्स में ग्यारह देश शामिल हैं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान। यह ग्लोबल साउथ के लिए एक प्रमुख राजनीतिक और राजनयिक मंच बन गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को सक्षम बनाता है।

एक उदार राजनेता के रूप में, जवाहरलाल नेहरू ने शीत युद्ध के दौर के सैन्य गुटों-नाटो या वारसॉ पैक्ट के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। उनका उद्देश्य नए स्वतंत्र विकासशील देशों को एकजुट करना था ताकि वे साझेदारी और आपसी सम्मान के माध्यम से अपनी विकास रणनीतियों को आगे बढ़ा सकें। मार्शल टीटो, गमाल अब्देल नासिर और क्वामे न्क्रूमा के साथ मिलकर, उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। नैम जल्द ही एक शक्तिशाली समूह बन गया जिसमें न केवल विकासशील देश बल्कि क्यूबा और वियतनाम जैसे कम्युनिस्ट राज्य, और फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) जैसे राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन भी शामिल थे।

जबकि पश्चिमी शक्तियां नैम के उपनिवेशवाद विरोधी और साम्राज्यवाद विरोधी रुख से असहज थीं, सोवियत संघ ने आम तौर पर आंदोलन में भारत के नेतृत्व का स्वागत किया। इतिहासकार गोपाल कृष्ण गांधी ने हिंदुस्तान टाइम्स में एक लेख में बताया है कि उस समय के एक प्रतिष्ठित राजनेता सी. राजगोपालाचारी के 27 मार्च 1958 के पत्र के बाद, सोवियत संघ ने पांच दिनों के भीतर परमाणु परीक्षणों पर एकतरफा रोक लगा दी। यह ध्यान देने योग्य है कि भारत यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति पुतिन ने दोहराया कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका पारस्परिक आश्वासन देता है तो रूस परमाणु परीक्षण करने से परहेज करेगा - यह घोषणा भारतीय धरती पर की गई है। यह भी प्रासंगिक है कि पूर्व सोवियत संघ ने परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए राजीव गांधी कार्य योजना का समर्थन किया था।

पुतिन की यात्रा के बाद एक ठोस शांति पहल होनी चाहिए। भारत, चीन और रूस मिलकर एशिया में स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पाकिस्तान, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार होने के बावजूद, एक मजबूत सैन्य छाया के तहत काम करना जारी रखे हुए है। फिर भी, उसे एक रचनात्मक संवाद में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है और किया जाना चाहिए। भारत को राजनयिक जुड़ाव से पीछे नहीं हटना चाहिए, और सार्क को पुनर्जीवित करने की इच्छा दिखानी चाहिए। केवल संवाद के माध्यम से ही दक्षिण एशिया स्थायी शांति की ओर बढ़ सकता है।

कोई भी भारतीय सरकार- चाहे उसका राजनीतिक झुकाव जो भी हो- को यह पहचानना चाहिए कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए एक व्यापक सोच और दूरदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राष्ट्रपति पुतिन के चीन के साथ करीबी संबंध और पाकिस्तान के साथ उनका व्यावहारिक, गैर-विरोधी जुड़ाव दक्षिण एशियाई पड़ोस में ज्यादा शांतिपूर्ण माहौल के लिए अवसर बनाने में मदद कर सकता है।

# इच्छा मृत्यु: संवेदना एवं संविधान के बीच फंसा मानवीय प्रश्न

-ललित गर्ग-

**इच्छा** मृत्यु यानी व्यक्ति की अपनी इच्छा के अनुसार जीवन का अंत, भारत में लंबे समय से सामाजिक, नैतिक और कानूनी विमर्श का विषय रही है। यह प्रश्न केवल मृत्यु से जुड़ा नहीं है, बल्कि असहनीय पीड़ा, मानवीय गरिमा, करुणा और आत्मनिर्णय के अधिकार से गहराई से संबंधित है। इनदिनों एक 32 वर्षीय युवक, जो पिछले 13 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में है, इस त्रासदी का जीवंत उदाहरण है। न चेतना, न संवाद, न सुधार की कोई संभावना, फिर भी परिवार भावनात्मक, मानसिक और आर्थिक यातना झेलने को विवश है। इस मामले ने एक बार फिर इच्छा मृत्यु के प्रश्न पर विमर्श का वातावरण बना दिया है। ऐसे हजारों मामले देशभर में चुपचाप पीड़ा सह रहे हैं, जिनका न तो कोई समाधान है और न ही कोई स्पष्ट कानूनी रास्ता। यह स्थिति केवल चिकित्सा संकट नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक न्याय की गंभीर परीक्षा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने जीवन को कृत्रिम रूप से लंबे समय तक बनाए रखने की क्षमता तो विकसित कर ली है, लेकिन यह तय नहीं कर पाया है कि जब जीवन केवल पीड़ा, चेतनाहीनता और निरर्थक जैविक क्रिया बन जाए, तब उसे ढोते रहना ही मानवता है या उसे सम्मानपूर्वक विदा देना अधिक करुणामय विकल्प है। विडंबना यह है कि जो लोग असाध्य बीमारी, लंबे कोमा या पूर्णतः चेतनाशून्य अवस्था में नारकीय जीवन जीने को विवश हैं, उनके लिए भारतीय कानून आज भी स्पष्ट और मानवीय मार्ग तय नहीं कर पाया है। ऐसे लोग यह मानते हैं कि जब जीवन से



गरिमा, चेतना और आशा समाप्त हो जाए, तब जीवन की तुलना में गरिमापूर्ण मृत्यु अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

प्रश्न यह उठता है कि हमारा कानून ऐसी मृत्यु को आज भी संदेह, भय और अपराध की दृष्टि से क्यों देखता है? भारतीय दंड संहिता की धारा 309 और 306 लंबे समय तक इच्छा मृत्यु के मार्ग में कानूनी बाधा बनी रहीं। भले ही 2017 के मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम में आत्महत्या के प्रयास को मानसिक पीड़ा का परिणाम मानते हुए अपराध की श्रेणी से आंशिक रूप से बाहर किया गया हो, लेकिन इच्छा मृत्यु के प्रश्न पर आज भी कोई समग्र और स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की बात करता है, परंतु यह बहस आज भी जारी है कि क्या इसमें गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार अंतर्निहित है या नहीं? इच्छा मृत्यु को लेकर भारतीय न्यायपालिका का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में देखने को मिला। अरुणा शानबाग, जो मुंबई के केईएम अस्पताल में नर्स थीं, 1973 में हुए एक अमानवीय हमले के बाद मस्तिष्क क्षति का शिकार हो गईं और 42 वर्षों तक परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट-यानी सतत विकृतशील दशा में रहीं। उनकी ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सक्रिय इच्छा मृत्यु को अस्वीकार करते हुए यह स्वीकार किया कि निष्क्रिय इच्छा मृत्यु को सशर्त अनुमति दी जा सकती है। न्यायालय ने माना कि यदि रोगी की स्थिति असाध्य है, चेतना लौटने की कोई संभावना नहीं है ।

# वंदेमातरम की विरासत

— अरविंद जयतिलक

**गुटनिरपेक्ष** आंदोलन (नैम)की संस्थापक आवाज के रूप में, दुनिया भारत से उम्मीद करती है कि वह परमाणु निरस्त्रीकरण, छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाने और स्थायी शांति को बढ़ावा देना जारी रखेगा, खासकर हमारे अपने क्षेत्रीय दायरे में। इस भूमिका को निभाने के लिए, भारत को एक सूक्ष्म और कुशल कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

भारत 'वंदेमातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। चारों ओर 'वंदेमातरम' की गूंज से भारतीयता का भाव गुंजायमान है, लेकिन विडंबना है कि यह कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा। वे कुतर्कों का सहारा लेकर किस्म-किस्म से विरोध की प्रस्तावना खींच रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्हें समझना होगा कि 'वंदेमातरम' किसी धर्म या मजहब के समर्थन या विरोध में नहीं है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान का वह निश्छल भाव है जिसे विचारों का हथियार बनाकर आजादी के दीवानों ने मातृभूमि को आजाद कराया। राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम' केवल शब्द भर नहीं हैं, बल्कि इसमें राष्ट्र की संस्कृति, इतिहास, कला, साहित्य और ज्ञान-विज्ञान का वह भाव समाहित है जो भारत राष्ट्र की निरंतरता और चेतना को उद्घाटित करता है। इसके प्रकटीकरण से राष्ट्र की गरिमा और गौरव में वृद्धि होती है। गीत के इतिहास में जाएं तो 7 नवंबर 1875 को बंगाल के कांठलपाड़ा गांव में बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस गीत के पहले दो छंदों की




रचना की थी। 1937 में कांग्रेस ने ये ही दो छंद अपनाए थे। रचना के सात साल बाद 1882 में उपन्यास 'आनंदमठ' में इसे पूरा करके सम्मिलित किया गया था। 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के 1896 के अधिवेशन में कलकत्ता में पहली बार ये गीत गूंजा। महान कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे सुर और ताल दिए और पहली बार राजनीतिक मंच पर गाया। ब्रिटिशों ने इसे बैन करने की कोशिश भी की। सुभाष चंद्र बोस ने इसे 'आजाद हिन्द फौज' का मार्चिंग सॉन्ग बनाया। पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने 1915 से हर कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया। अरबिंदो घोष ने अंग्रेजी में और आरिफ मोहम्मद खान ने उर्दू में इसका अनुवाद किया। आजादी के बाद 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 'राष्ट्रगान' 'जनगणमन' के साथ 'राष्ट्रगीत' 'वंदे मातरम' की घोषणा की। मूल रुप से 'वंदेमातरम' के प्रारंभिक दो पद संस्कृत में थे और शेष गीत बांग्ला में। दिसंबर 1905 में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में गीत को 'राष्ट्रगीत' का दर्जा प्रदान किया गया और बंगाल विभाजन के समय यह गीत राष्ट्रीय नारा बन गया। 1906 में 'वंदेमातरम' देवनागरी लिपि में प्रस्तुत किया गया।

सन् 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा इस्लाम की भावना के विरुद्ध बताकर 'वंदेमातरम' गीत का विरोध किया गया, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरु, सुभाषचंद्र बोस, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद और आचार्य नरेंद्र देव की समिति ने 28 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पेश अपनी रिपोर्ट में इस गीत के पहले दो पैराग्राफ को राष्ट्रगीत के रुप में स्वीकृति दे दी। 14 अगस्त, 1947 की मध्यरात्रि में 'संविधान सभा' की पहली बैठक का प्रारंभ 'वंदेमातरम' के साथ और समापन राष्ट्रगान 'जनगणमन' के साथ हुआ।

## एसआईआर कार्य को अंतिम रूप देने हेतु तहसील सभागार में हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद तहसील सभागार में खंड विकास क्षेत्र के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को संपूर्णता प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने की।बैठक में सत्यापन के दौरान संबंधित बीएलओ द्वारा कोटेदार ,पंचायत सचिव के पारिवारिक रजिस्टर एवं अन्य उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर मिलान करते हुए सत्यापन की कार्रवाई संपन्न कराई गई।क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), ग्राम सचिव, शिक्षक, कोटेदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अब तक हुए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा शेष बचे कार्यों को नियत समयसीमा के भीतर पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

## किसानों को योजनाओं की सौगात, रबी फसलों पर विशेष मार्गदर्शन,एक दिवसीय किसान गोष्ठी का सफल आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनपद के मुहम्मदाबाद अंतर्गत किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से स्थानीय खंड विकास परिसर में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता अभियान के तहत रबी फसलों तथा नेशनल मिशन ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ। आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया।गोष्ठी में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता और इसके माध्यम से योजनाओं का शीघ्र लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों के अभिलेखों की डिजिटल पहचान





सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्नत बीज, कीटनाशक एवं कृषि दवाइयां, आधुनिक कृषि यंत्र, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना से जुड़ी उपयोगी जानकारियां भी साझा की गईं।

## भांवरकोल ब्लॉक के शेरपुर रक्फ़शिविर का एसडीएम द्वारा औचक निरीक्षण, आज ही कार्य निपटाने का आदेश।



**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के भांवरकोल खंड विकास अंतर्गत एस आई आर शिविर शेरपुर का एसडीएम ने किया निरीक्षण किया। सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत शेरपुर में सारे बीएलओ शासन के निर्देश के क्रम में वढर शेरपुर कला में आयोजित शिविर में (ASDD) अप्सेंट, शिफ्टेड,डबल,डेथ मतदाताओं के इन चार कैटगरीयो का एक-एक बीएलओ से पूछ कर उन्होंने सत्यापन किया साथ ही में उपस्थित कोटेदार पंचायत सचिव और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से भी उन्होंने वार्ता की उन्होंने इसकी महत्ता को सबको बताया और इसमें सहयोग कर तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस क्षेत्र के अएफ्ढ खंड विकास अधिकारी महेंद्र प्रसाद को आज शाम तक शेरपुर में रक्फ़का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया । इस मौके पर शेरपुर के समस्त बीएलओ सुपरवाजर सुदर्शन कुमार ,सचिव व एडीओ पंचायत सूर्यभान राय प्रसाद, पार्टियों के बीएलओ दामोदर राय।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा, अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही

**भदोही । जिला निर्वाचन अधिकारी**/जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 के सम्बन्ध में कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप क्रिड़ाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, अवर अभियंता ग्रामीण अजय भारती के अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए वेतन रोकने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। साथ ही एसआईआर मैपिंग कार्य में प्रगति खराब होने पर खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ, नायब तहसीलदार ज्ञानपुर, भदोही, औराई को कारण बताओं नोटिस जारी किया, और कहा कि कार्य में सुधार करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी। साथ ही बीएलओ के कार्यो के सत्यापन कार्य में जो भी अधिकारी लगाये गये है, वे प्रत्येक दशा में दो दिन के भीतर सम्बन्धित अधिकारी को जॉच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

जनपद भदोही में कुल 03 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हैं। जनपद में पंजीकृत 1233324 मतदाताओं के



सापेक्ष अब तक 1024044 मतदाताओं का (83.03 प्रतिशत) गणना प्रपत्र कलेक्टेड/ डिजिटाइज्ड हो चुके हैं, जिसमें 392-भदोही विधानसभा क्षेत्र में 81.48 प्रतिशत, 393-ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र में 83.6 प्रतिशत एवं 394-औराई विधानसभा क्षेत्र में 84.21 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र कलेक्ट हो चुके हैं। अवगत कराया गया कि जनपद के सभी विधान सभा क्षेत्रों में बीएलओ बीएलए की बैठकें 12 एवं 13 दिसम्बर 2025 को सम्पन्न हो चुकी है।

## मिशन शक्ति केंद्र द्वारा सराहनीय कार्य,नारी का सम्मान, समाज का अभिमान

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । मुख्यमंत्री** जी के दिशा-निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश को पूरा करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी पीड़िता बिना संकोच अपनी शिकायत दर्ज कराए और उसे तत्काल,सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता मिले जिसके संबंध में पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि महिलाओं को तत्परता से सम्मानजनक सहायता प्रदान कराने तथा व्यवहारिक मार्गदर्शन और बेहतर कार्यप्रणाली को अपनाते हुए शत प्रतिशत और बेहतर तरीके




से समस्याओं को निस्तारण किया जाए एवं समय-समय पर महिला से पीड़िता की शिकायतों का, 360ट काउंसलिंग करें एवं नियमित फॉलो-अप करे। इसी क्रम में ,अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में व , शुभम अग्रवाल ,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में थाना व जनपद भदोही के ,मिशन शक्ति टीम, द्वारा एक टूटते हुए परिवारो के बीच समन्वय स्थापित किया गया ।

# बुन्देलखण्ड-विन्ध्य क्षेत्र में बागवानी विकास की रूपरेखा तय, प्रोत्साहन योजनाओं को हरी झंडी

## नींबू-आंवला रोपण पर जोर, लक्ष्यों को मिली मंजूरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीडीएमसी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तथा बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र की औद्यानिक विकास योजनाओं के अनुमोदन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत जनपद में निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए समिति ने आवश्यक स्वीकृति प्रदान की। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने समिति को अवगत कराया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन, ड्रॉप मोर क्रॉप योजना और सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत निदेशालय उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा तय लक्ष्यों के अनुसार कार्य प्रगति पर है। उप कृषि निदेशक ने जनपद में नींबू एवं आंवला के अधिकाधिक बाग लगाने की संभावनाओं पर जोर देते हुए इसे किसानों की आय बढ़ाने का व्यावहारिक विकल्प बताया। बताया कि बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र औद्यानिक विकास योजना के तहत किसानों को आंवला व नींबू के बाग रोपण पर 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किसान सदस्यों से उनके अनुभव और कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक कृषक लाभ उठा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डीएन पाण्डेय, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अनुराग शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, विभिन्न विभागीय अधिकारी तथा प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।



बागवानी विकास योजनाओ की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

## 2026 बोर्ड परीक्षा केंद्र सूची जारी, आपत्तियों के लिए 22 दिसंबर अंतिम तिथि तय

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की विज्ञप्ति दिनांक 17 दिसंबर के अनुपालन में वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। यह सूची शासनादेश दिनांक 01 नवंबर 2025 के निर्देशों के तहत ऑनलाइन प्रविधि से तैयार की गई, जिसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जनपदस्तरीय केंद्र निर्धारण समिति से अनुमोदन प्राप्त हुआ है। परीक्षा केंद्रों एवं विद्यालय छात्र आवंटन को लेकर यदि किसी प्रधानाचार्य या प्रबंधक को आपत्ति या शिकायत हो तो वे युक्तियुक्त कारणों और साक्ष्यों के साथ संबंधित विद्यालय की आईडी से परिषद के पोर्टल पर 22 दिसंबर तक ऑनलाइन प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# चांदी बांगर पेयजल योजना का निरीक्षण, कनेक्शन और सड़क मरम्मत पर उठे सवाल

- अधूरी सड़कें बनी चिंता का विषय
- योजना के कामों की समय-सीमा तय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना की जमीनी हकीकत को परखने के लिए बुधवार को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) चित्रकूट ने ग्राम सिकरीसानी और हर्रा का निरीक्षण किया। इस दौरान जल निगम (ग्रामीण) के जूनियर इंजीनियर अभिजीत यादव, टीपीआई के इंजीनियर अमर पाण्डेय, एलएंडटी के साइड इंजीनियर राजीव रंजन तथा ग्राम प्रधान सिकरीसानी गीताराम सेन मौजूद रहे। निरीक्षण का केंद्र पेयजल कनेक्शन, आपूर्ति की स्थिति और पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत रहा। अधिकारियों ने बताया कि ग्राम सिकरीसानी में 102 घरों में कनेक्शन दिए जा चुके हैं और जलापूर्ति चालू है। पाइपलाइन कार्य के दौरान 950 मीटर सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी, जिसके सापेक्ष 750 मीटर मरम्मत कार्य कराया जा चुका है। हालांकि ग्राम प्रधान ने बाबादीन के पुरवा में 150 मीटर खड़ंजा मार्ग की मरम्मत अब भी अधूरी होने की बात कही। साथ ही यह भी बताया गया कि गांव में प्रतिदिन केवल एक बैठक जलापूर्ति हो रही है। ग्राम हर्रा में 98 कनेक्शन कराए जाने की जानकारी दी गई, जिनमें से 60 कनेक्शनों में ही वर्तमान में जलापूर्ति हो रही है। यहां पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त 550 मीटर सड़क के सापेक्ष 480 मीटर मरम्मत कार्य कराया गया है। निरीक्षण के बाद एलएंडटी, टीपीआई और जल निगम के अभियंताओं को निर्देश दिए गए कि दोनों ग्रामों में शेष सभी घरों को कनेक्शन देने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य 15 दिन के भीतर पूरा कराया जाए।



निरीक्षण में मौजूद अधिकारीगण

## उद्यान विभाग की योजना से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा, तेल मिल से बढ़ी आमदनी

- जिले में 846 इकाइयों का लक्ष्य
- योजना में 35 प्रतिशत अनुदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत जिले में किसानों, युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में योजना से लाभान्वित उद्यमी लक्ष्मण सिंह, निवासी ग्राम लालता रोड मऊ के यहां पहुंचकर उनके आयल मिल उद्योग की जानकारी ली गई। लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वे पहले बेरोजगार थे और आत्मनिर्भर बनने की तलाश में थे। उन्हें पीएमएफएमई योजना की जानकारी समाचार पत्रों एवं जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन कर आयल मिल उद्योग की स्थापना की। उन्होंने उद्योग में स्वयं 10 लाख रुपये की पूंजी लगाई, जबकि योजना के तहत लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया गया। उद्योग प्रारंभ होने के बाद उन्हें प्रतिमाह लगभग 60 से 70 हजार रुपये का शुद्ध लाभ मिल रहा है। जहां पहले वे स्वयं रोजगार की तलाश में थे, वहीं अब चार लोगों को नियमित रोजगार दे रहे हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत फ्लोर मिल, ऑयल मिल, मसाला, डेयरी उत्पाद, पशु व मुर्गी चारा, दाल मिल, नमकीन, फास्टफूड ढाबा, मिठाई, अचार-मुरब्बा, जूस-शेक जैसे उद्योगों की स्थापना हेतु 846 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित है। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, कचेहरी परिसर या डिस्ट्रीक रिसोर्स पर्सन से संपर्क कर सकते हैं।

# आंगनवाड़ी और स्कूल निर्माण की धीमी रफ्तार पर उठे सवाल, नई डेडलाइन निर्धारित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में सीएसआर फंड से संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यांजलि परियोजना की प्रगति को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे, जबकि उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद और सीएंडटीएस के अभियंता भी समीक्षा प्रक्रिया में शामिल हुए। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि बच्चों में कुपोषण और नाटेपन की समस्या से निपटने के लिए दो चरणों में दस आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण को एचएएल के सीएसआर फंड से प्रति केंद्र 14.23 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी। तय समयसीमा 31 दिसंबर 2025 होने के बावजूद प्रथम चरण के पांच केंद्रों में से चार में केवल पुट्टी व फिनिशिंग कार्य हुआ है, जबकि बधौड़ा केंद्र का निर्माण लगभग पूरा बताया गया। दूसरे चरण के पांच केंद्रों में ठेकेदार स्तर पर कार्य में देरी सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन पांच आंगनवाड़ी केंद्रों को 15 जनवरी 2026 तक और शेष सभी केंद्रों को हर हाल में 15 फरवरी 2026 तक पूर्ण कर आईसीटीएस विभाग को सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही भवनों में बच्चों को आकर्षित करने वाली बाल पेंटिंग और टाइलिंग सुनिश्चित करने को कहा गयझ वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि डोडा माफी, मानिकपुर में मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण, पुस्तकालय स्थापना और संसाधनों की खरीद के लिए 142.30 लाख रुपये स्वीकृत हैं। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय व फर्नीचर की खरीद एक सप्ताह में जेम पोर्टल से कराने तथा विद्यालय भवन का निर्माण 31 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

## अवैध कोडिन कफ सिरप प्रकरण में पुलिस जांच, मेडिकल स्टोर का निरीक्षण

**चित्रकूट।** कोडिन युक्त कफ सिरप के अवैध एवं अनियंत्रित क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से चित्रकूट प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई सामने आई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर औषधि निरीक्षक दिव्य प्रकाश मौर्य ने क्षेत्राधिकारी सदर कर्वी की उपस्थिति में 17 दिसंबर को गोला बाजार, पुरानी बाजार स्थित मेसर्स जीनियस फामेर्सी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टोर में कोडिन युक्त औषधियों का भंडारण नहीं मिला, हालांकि पाई गई अनियमितताओं को लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु आख्या औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी को भेज दी गई है। प्रोपराइटर को नियमानुसार अभिलेखों के माध्यम से ही दवा विक्रय के निर्देश दिए गए। दूसरी ओर, 16 दिसंबर को थाना मारकुण्डी पुलिस ने चुहिलहाई क्षेत्र से 20 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद कर मालखाने में सुरक्षित रखी है। मामले की जांच जारी है और विधिक प्रक्रिया पूर्ण होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनावी रेस में बढ़ी प्रत्याशियों की संख्या, शपथ पत्र अनिवार्यता लागू



जिला अधिवक्ता संघ बैठक में मौजूद अधिवक्तागण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अधिवक्ता संघ का चुनावी माहौल अब चरम पर पहुंच गया है। अध्यक्ष पद पर संभावित पांच प्रत्याशी, महासचिव और कोषाध्यक्ष पदों पर क्रमशः चार-चार प्रत्याशी मैदान में उतर सकते हैं। यह निर्णय अधिवक्ताओं की हाल ही में संपन्न बैठक में लिया गया, जिसमें वर्तमान कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्यों के साथ चेयरमैन बुआराम शुक्ला, रामप्रसाद सिंह, सुशील त्रिपाठी, चंद्रपाल पाल, पंकज त्रिपाठी, आनन्द मिश्रा, नरेन्द्र सिंह लल्ला, रोहित सिंह, लक्ष्मण त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री विजय त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, शिवशंकर उपाध्याय, विनय पाल और अनुराग पटेल सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे। जिला प्रभारी एडवोकेट कौंसिल ऑफ इंडिया रामप्रकाश पांडेय ने बताया कि इस बार सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य है, साथ ही शपथ पत्र और सीओपी कार्ड भी प्रस्तुत करना होगा। चुनावी सरगर्मी और प्रत्याशियों की रणनीतियाँ अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गई हैं।

## गिट्टी-बालू के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, स्टोन क्रशर भी जांच के घेरे में

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खान निरीक्षक द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए 15 दिसंबर को तीन ट्रकों तथा 13 और 17 दिसंबर को तीन ट्रैक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उपखनिज गिट्टी और बालू के अवैध खनन व परिवहन के आरोप में थाना सरधुवा, पहाड़ी और कोतवाली कर्वी में भारतीय न्याय संहिता 2023, खान एवं खनिज अधिनियम 1957, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम तथा उपखनिज नियमावली के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। खान अधिकारी ने बताया कि अब तक 396 उपखनिज परिवहन वाहनों में वीटीएस डिवाइस इंस्टॉल कराई जा चुकी है। जिलाधिकारी ने सभी वाहन स्वामियों को वीटीएस अनिवार्य कराने तथा टास्क फोर्स को नियमों के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# मृत गौवंश के साथ लगातार हो रही अमानवीय क्रूरता बीडीओ की क्लीन चिट के बाद फिर तस्वीरें वायरल

## ग्रामीणों ने लीपापोती का आरोप लगाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के कंधवनिया गौशाला में मृत गौवंश के साथ हो रही अमानवीय क्रूरता ने फिर से सुर्खियाँ बटोर ली हैं। मामला तब तूल पकड़ने लगा जब 2 दिसंबर को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी कि मृत गायों को सम्मानजनक अंतिम संस्कार देने के बजाय ट्रैक्टर से घसीटा जा रहा है। इसके बाद खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पहाड़ी ने अपनी जांच में इसे एक दुर्घटना बताया और दावा किया कि शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। लेकिन 17 दिसंबर को वायरल हुई ताजा तस्वीर ने अधिकारियों की रिपोर्ट की पोल खोल दी। तस्वीर में खुले दिन में ट्रैक्टर से मृत गौवंश को घसीटा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल क्रूरता ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था का भी अपमान है। उनका आरोप है कि प्रशासन की शह और लीपापोती की मानसिकता के चलते यह सिलसिला बार-बार जारी है। ग्रामीण उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं और चाहते हैं कि दोषी प्रधान, सचिव और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। साथ ही गौशाला में मृत पशुओं के निस्तारण के लिए सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस घटना ने धार्मिक और सामाजिक संवेदनाओं के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




ट्रैक्टर से मृत गौवंश को घसीटते हुए वायरल फोटो

## जिले में दो दिवसीय मिलेट्स मेला, विभागीय स्टॉलों से किसानों को मिलेगी जानकारी

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीएन पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव मेला एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 23 एवं 24 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से ऑडिटोरियम हॉल कर्वी (पुलिस अधीक्षक आवास के सामने) में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। इसी अवसर पर 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में मिलेट्स यानी मोटे अनाज और रबी फसलों से जुड़ी तकनीकी जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं, तकनीकों और उपयोगी जानकारियों को साझा किया जाएगा।

# लोहदा किसान पाठशाला में कृषि तकनीक और एफपीओ जुड़ाव पर किसानों की सक्रिय भागीदारी

## किसान पाठशाला में कृषि इनपुट, किसानों को प्रशिक्षण और जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी ब्लॉक की लोहदा ग्राम पंचायत में किसान पाठशाला का आयोजन हुआ, जिसमें सुबह से ही किसानों की आवाजाही शुरू हो गई। पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में किसान अपनी समस्याओं, अनुभवों और सुझावों के साथ चर्चा में जुटे रहे। यह किसान पाठशाला कृषि विभाग के निर्देशन में तथा सीपीडी एग्रो फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम में गेहूं, चना, मसूर, मटर, जौ, मक्का, दलहन-तिलहन और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर जानकारी दी गई, साथ ही फसल चयन, लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर सीधा संवाद हुआ। एसडीओ और तकनीकी सहायक मौके पर मौजूद रहे और किसानों के सवालों का तकनीकी समाधान दिया। एफपीओ से जुड़ने के लाभ, सामूहिक बीज-खाद खरीद, बेहतर बाजार व्यवस्था और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारी दी गई। सीपीडी एग्रो के प्रतिनिधियों ने सदस्यता प्रक्रिया और एफपीओ कार्यप्रणाली समझाई। इस किसान पाठशाला में तीरथ राज सिंह, सुरेश सिंह बघेल, ललित कुमार गर्ग, बच्चन सिंह, छोटे यादव, मीरा, छेदीलाल कोटेदार, राजेन्द्र कुमार समेत सैकड़ों किसान और ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। किसानों ने उम्मीद जताई कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हों, ताकि जानकारी केवल कागज तक सीमित न रहे, बल्कि खेतों में प्रत्यक्ष लाभ दिखाई दे।




किसान पाठशाला में मौजूद अधिकारीगण

# ददरी माफी स्कूल में करियर हब बना आकर्षण विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचार मॉडल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** राजकीय हाई स्कूल ददरी माफी में आयोजित करियर मेले ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक साझा मंच प्रदान किया, जहां शिक्षा और भविष्य की दिशा पर गंभीर संवाद देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम एवं विशिष्ट अतिथि जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ शशिकांत त्रिपाठी रहे। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए शैक्षिक मॉडलों, पंख डायरी और करियर हब का अवलोकन किया। उप जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को परिश्रम के महत्व से अवगत कराया, वहीं प्रोफेसर त्रिपाठी ने स्वावलंबन और विविध करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला। बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बनाया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार मिश्र ने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय कुमार त्रिपाठी ने किया।




करियर मेले में मौजूद अध्यापक व छात्रगण

## 57 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन निर्माण पर मंथन, समयसीमा और धनराशि तय

**चित्रकूट।** जिले में चयनित 57 ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित पंचायतों में भवन निर्माण एवं अनुश्रवण के संबंध में 18 दिसंबर को विकास भवन सभागार सोनेपुर में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त मनरेगा, अपर जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, जिला पूर्ति अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा एक अन्नपूर्णा भवन के निर्माण हेतु 8,46,245.99 रुपए की धनराशि निर्धारित की गई है। प्रथम किश्त के रूप में प्रत्येक ग्राम पंचायत को 4,21,615 रुपए की धनराशि दी जा रही है, जिससे 57 पंचायतों के खातों में कुल 2 करोड़ 40 लाख 32 हजार 55 रुपये हस्तांतरित किए जा रहे हैं। शासनादेश के अनुसार लगभग 484 वर्गफुट क्षेत्रफल के इस भवन में दुकान संचालन, सीएससी कक्ष तथा लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षालय की व्यवस्था रहेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मॉडल डिजाइन के अनुसार ही कराया जाए। तकनीकी स्वीकृति लेकर कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा 15 जनवरी तक स्लैब स्तर तक निर्माण पूरा कर उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए। साथ ही प्रत्येक सप्ताह गुणवत्ता जांच और अनुश्रवण करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

# भाजपा कार्यालय घेराव से पहले कांग्रेस जुलूस रोका गया, सरकार विरोधी नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को कैंप कार्यालय पहाड़ी रोड कर्वी से भाजपा कार्यालय घेराव के लिए जुलूस निकाला गया। जुलूस जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंचा, पुलिस प्रशासन ने उसे वहीं रोक दिया। इससे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर ही जमीन पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए। कुछ देर के लिए इलाके में राजनीतिक तनाव का माहौल बन गया। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा फर्जी मामलों में घसीटने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि घंटों चली पूछताछ का उद्देश्य कांग्रेस और गांधी परिवार की छवि खराब करना था, जबकि सच्चाई अदालत में सामने आ चुकी है। कांग्रेस की मांग है कि भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई के कथित दुरुपयोग को तत्काल बंद करे और जनता से माफी मांगे। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। पहले अंग्रेजों से लड़े, अब तानाशाही और वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। धरने में जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, महासचिव विजय मणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सड़क पर धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी

# 10 अरब डॉलर का कारोबार, ओमान के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट

**ओमान**

**भारत** और ओमान ने एक महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। गुरुवार को हस्ताक्षरित यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस समझौते के तहत, ओमान भारत के 98 प्रतिशत से अधिक निर्यात पर शुल्क समाप्त करेगा, जिसमें वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान शामिल हैं। वहीं, भारत ने खजूर, संगमरमर और पेट्रोकेमिकल्स सहित ओमान के आवश्यक उत्पादों पर आयात शुल्क कम करने पर सहमति जताई है। मस्कट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हस्ताक्षरित यह समझौता अगले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में प्रभावी होने की उम्मीद है। इस समझौते पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब भारत को अपने सबसे बड़े निर्यात गंतव्य, संयुक्त राज्य अमेरिका में 50 प्रतिशत तक के भारी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। ओमान का वैश्विक सेवा आयात 12.52 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिसमें भारत की हिस्सेदारी केवल 5.31 प्रतिशत थी। यह भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए अपार संभावनाओं को दशार्ता है। इसके अलावा, सीईपीए की एक प्रमुख विशेषता भारतीय पेशेवरों के लिए आवाजाही की बेहतर रूपरेखा है। ओमान ने पहली बार कुशल पेशेवरों की आवाजाही (मोड-4) के तहत व्यापक प्रतिबद्धताएं पेश की हैं, जिनमें कंपनी के भीतर स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों की सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। संविदा आधार पर सेवा प्रदान करने वालों के लिए ठहरने की स्वीकृत अवधि में भी वृद्धि की गई है। इसे मौजूदा 90 दिन से बढ़ाकर दो वर्ष कर दिया गया है। इसे दो वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है। यह समझौता लेखांकन, कराधान, वास्तुकला, चिकित्सा और संबद्ध सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों के लिए अधिक उदार प्रवेश एवं ठहरने की शर्तों का प्रावधान भी करता है जिससे गहन तथा अधिक सुगम व्यावसायिक जुड़ाव



को बढ़ावा मिलता है। इस समझौते में ओमान के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान भी है। इसके तहत वाणिज्यिक उपस्थिति के माध्यम से भारत के सेवा उद्योग को इस क्षेत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए व्यापक अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों पक्ष ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने के बाद सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भविष्य में चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं। यह श्रमिकों की आवाजाही एवं श्रमिक संरक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को बताता है। ओमान इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और यह भारतीय वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए व्यापक पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक पहुंचने का एक प्रमुख प्रवेश द्वार है। ओमान में लगभग सात लाख भारतीय नागरिक रहते हैं। भारत को ओमान से प्रतिवर्ष लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर की राशि प्राप्त होती है। भारतीय उद्यमों ने ओमान में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है, जहां विभिन्न क्षेत्रों में 6,000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान कार्यरत हैं। भारत को अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच ओमान से 61.554 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है।

ब्रिटेन के बाद पिछले छह महीनों में हस्ताक्षरित यह दूसरा व्यापार समझौता है। यह उन विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौते करने की रणनीति का हिस्सा है जो हमारे श्रम-प्रधान हितों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करती हैं और भारतीय व्यवसायों के लिए अवसर प्रदान करती हैं। यह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश के साथ भारत का दूसरा व्यापार समझौता है। भारत ने मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात के साथ इसी तरह का समझौता किया था और कतर के साथ भी जल्द ही बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। जीसीसी के अन्य सदस्य बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब हैं। मुक्त व्यापार समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है।

## नेल्सन मंडेला और क्वीन एलिजाबेथ की सूची में शामिल



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को ओमान के राष्ट्रीय सम्मान 'प्रथम श्रेणी के ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी को प्राप्त होने वाला 29वां राष्ट्रीय सम्मान है। यह सम्मान इससे पहले महारानी एलिजाबेथ, नेल्सन मंडेला, महारानी मैक्सिम, सम्राट अकिहितो और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों को दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में ओमान पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक से पहले मस्कट के अल बराका पैलेस में सुल्तान हैथम बिन तारिक ने उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान समेत दूसरे देशों में 28 से अधिक उच्चतम नागरिक सम्मान से नवाजा जा चुका है। हाल ही में उन्हें इथियोपिया में ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया और कुवैत में ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से सम्मानित किया गया था। भारत और ओमान के बीच कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर मोदी ओमान की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और संस्कृति में रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मस्कट पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए ह्यगार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और सुल्तान हैथम ने रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा एवं कृषि, प्रौद्योगिकी एवं उभरते एवं नए क्षेत्र, संस्कृति एवं जन-संबंधों आदि सहित कई विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जैसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा की।

## अब जीरो टैक्स पर बिकेगा भारत का सामान, Oman के बिजनेस फोरम से मोदी ने किया CEPA पर गजब का ऐलान

**ओमान**

**मस्कट** में इंडिया ओमान बिजनेस फोरम का मंच सामने दोनों देशों के कारोबारी दिग्गज और इसके सेंटर ऑफ अट्रैक्शन पीएम मोदी ही थे। । यह बात सिर्फ व्यापार की नहीं थी बल्कि भारत के बदले हुए आर्थिक सोच, भरोसे और भविष्य की साझेदारी की थी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि बीते 11 सालों में भारत ने केवल नीतियां नहीं बदली बल्कि अपनी पूरी आर्थिक सोच यानी इकोनॉमिक डीएनए को ही बदल दिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जिन सुधारों को कभी मुश्किल माना जाता था। आज वही भारत की सबसे बड़ी ताकत बन चुके हैं। जीएसटी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस एक फैसले ने पूरे देश को एक साझा बाजार में बदल दिया। वहीं दिवालियापन और ऋण शोधन अक्षमता कानून ने वित्तीय अनुशासन लाया। पारदर्शिता बढ़ाई गई और निवेशकों के मन में भरोसा पैदा किया गया। भारत की इकोनमी की रेंसि की चर्चा होती है। लोग अक्सर पूछते हैं कि दुनिया में इतनी अनिश्चितता है। ग्लोबल इकोनमी भी मुश्किलों में है। तो ऐसे में भारत 1% से अधिक की ग्रोथ कैसे अचीव कर रहा है? मैं आपको इसका बड़ा रीजन बताता हूं। असल में बीते 11 वर्षों के दौरान भारत ने सिर्फ पॉलिसी नहीं बदली है। भारत ने अपना इकोनॉमिक डीएनए बदला है। मोदी ने अरब सागर को दोनों देशों को जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक पुल बताया और सदियों पुराने समुद्री और सांस्कृतिक संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मंडावी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल का काम करता है। इसने हमारे संबंधों को मजबूत किया है और संस्कृति व अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान की है।

सीईपीए को एक महत्वपूर्ण निर्णय जिसे आने वाले समय में याद रखा जाएगा बताते हुए मोदी ने कहा कि यह समझौता 21वीं सदी में नया आत्मविश्वास और नई ऊर्जा" प्रदान करेगा। भारतीय छात्रों और समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और ओमान न केवल भौगोलिक रूप से बल्कि पीढ़ियों से एक-दूसरे से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हमारी विविधता हमारी संस्कृति की मजबूत नींव है। हर परंपरा अपने साथ नया विचार लेकर आती है हम भारतीय जहां भी जाते हैं, विविधता का सम्मान करते हैं। भारतीय प्रवासी समुदाय को सह-



अस्तित्व और सहयोग का जीवंत उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि आप इन सदियों पुराने संबंधों के सबसे बड़े संरक्षक हैं। युवाओं को संदेश देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा बड़े सपने देखें, गहराई से सीखें और साहसपूर्वक कुछ नया करें।

**प्रधानमंत्री ने भारत-ओमान संबंधों की सराहना की**

मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि भारत और ओमान इस वर्ष राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं, और इसे एक उत्सव के साथ-साथ गहरे सहयोग के लिए एक लॉन्चपैड भी बताया। प्रधानमंत्री सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे। जॉर्डन और इथियोपिया के बाद तीन देशों के अपने दौरे का यह अंतिम चरण है, जिसका उद्देश्य भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है, जिसमें आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है।

## कनाडा से मुंह मोड़ रहे छात्र, यूनिवर्सिटी एप्लीकेशन में आई 80% तक की गिरावट

**कनाडा**

**लाई** और सितंबर के बीच कनाडा में जनसंख्या में कम से कम 80 वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। जनसंख्या में गिरावट का कारण अस्थायी निवासियों की संख्या में कमी, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या में कमी को बताया गया है। कनाडा की सांख्यिकी एजेंसी (स्टैट्स कैनेडियन) द्वारा बुधवार को प्रकाशित जनसंख्या अनुमानों के अनुसार, 2025 की दूसरी और तीसरी तिमाही के बीच जनसंख्या में 76,068 व्यक्तियों की कमी आई, जो 0.2% है। 1946 से उपलब्ध स्टैट्स कैनेडियन के आंकड़ों के अनुसार, देश की जनसंख्या में इससे अधिक तीव्र गिरावट कभी नहीं देखी गई। कनाडा की जनसंख्या में आखिरी बार गिरावट कोविड-19 महामारी के दौरान आई थी, जब 2020 की अंतिम तिमाही में पिछली तीन महीनों की अवधि की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई थी। वह गिरावट भी मामूली थी, केवल 1,232 लोगों की।

पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार द्वारा अपनाई गई आव्रजन नीतियों के कारण अस्थायी निवासियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। वास्तव में, स्टेटकैन ने बताया कि 2023 की तीसरी तिमाही में कनाडा की जनसंख्या में 418,634 या 1% की वृद्धि हुई, जो 1957 की दूसरी तिमाही के बाद से जनसंख्या में सबसे अधिक तिमाही वृद्धि है, जब यह संख्या आधी से भी कम, 198,000 थी। नए प्रवासियों की ऐतिहासिक आमद के प्रति जनता की नाराजगी के परिणामस्वरूप, ओटावा ने उनकी संख्या को कम करने के लिए नीतियां लागू कीं।

## पर्यटक अमेरिका में कितने समय तक रह सकते हैं?

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आव्रजन पर की जा रही सख्ती के बीच, भारत में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिका में किसी विदेशी के रहने की अवधि से संबंधित एक महत्वपूर्ण बिंदु को दोहराया है। एक्स पर एक पोस्ट में दूतावास ने एक अनुस्मारक साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में किसी आगंतुक के रहने की अवधि उसके वीजा की समाप्ति तिथि के अनुसार नहीं होती है। ध्यान दें! किसी अंतरराष्ट्रीय पर्यटक को संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने की अनुमति की अवधि आगमन पर सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित की जाती है, न कि वीजा की समाप्ति तिथि द्वारा। दूतावास ने इससे मात्र दो महीने पहले भी इसी तरह का अनुस्मारक जारी किया था। अमेरिका आने वाले अधिकांश यात्रियों के




लिए अनिवार्य क-94 फॉर्म में 'प्रवेश की अंतिम तिथि' की जानकारी होती है। यह वह अंतिम तिथि दशार्ती है जब तक कोई व्यक्ति अमेरिकी धरती पर रह सकता है। यात्रियों को ध्यान देना चाहिए कि यह तिथि उनके वीजा की समाप्ति तिथि से मेल खाना आवश्यक नहीं है और सीमा पर पहुंचने पर सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा इसका निर्धारण किया जाएगा।

गृह सुरक्षा विभाग के अनुसार, हवाई अड्डे या बंदरगाह से अमेरिका पहुंचने वाले विदेशी आगंतुकों को सीमा शुल्क एवं सीमा पुलिस अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आई-94 फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। इन व्यक्तियों को अब आई-94 के लिए आवेदन करने हेतु वेबसाइट का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, सड़क मार्ग या चुनिंदा नौकाओं द्वारा अमेरिका में प्रवेश करने वालों को अस्थायी आई-94 के लिए आवेदन करने हेतु वेबसाइट का उपयोग करना होगा, जिससे उन्हें बाद में प्रवेश द्वार पर समय बचाने में सहायता मिलेगी।

## बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट से चोकसी की अपील खारिज

### कहा-भारत में न्याय से इनकार का खतरा नहीं

**बेल्जियम**

**पीएनबी** घोटाले में वांछित मेहुल चोकसी को भारत लाने की राह अब साफ हो गई है। बेल्जियम की सबसे बड़ी अदालत बेल्जियम की कोर्ट ऑफ कैसेशन ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोक्सी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को निराधार मानते हुए भारत को प्रत्यर्पण के खिलाफ उनकी अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने पुष्टि की है कि वे अपने आत्मसमर्पण की अनुमति देने वाले पूर्व आदेशों में हस्तक्षेप करने के लिए कोई कानूनी या तथ्यात्मक आधार स्थापित करने में विफल रहे हैं। अपने फैसले में बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय ने एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील के अभियोग कक्ष के 17 अक्टूबर,



2025 के फैसले को बरकरार रखा और निष्कर्ष निकाला कि प्रत्यर्पण की कार्यवाही घरेलू कानून के साथ-साथ यूरोपीय मानवाधिकार मानकों का पूरी तरह से अनुपालन करती है। कोर्ट ने कहा कि भारत में चोकसी को न्याय से इनकार, यातना या अमानवीय व्यवहार का कोई वास्तविक और गंभीर खतरा नहीं है। कोर्ट ने चोकसी पर 11,000 रुपए (104 यूरो) का जुमार्ना भी लगाया है। यह फैसला एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील की इंडाइटमेंट चैंबर के आदेश को बरकरार रखता है। इसमें कहा गया था कि चोकसी के दावे पर्याप्त नहीं हैं कि भारत में उसे न्याय नहीं मिलेगा या उसके साथ अमानवीय व्यवहार होगा। चोकसी ने अपनी अपील में एंटिगुआ से कथित अपहरण, इंटरपोल की फाइलों की निगरानी करने वाले आयोग (सीसीएफ) की राय, मीडिया कवरेज और भारत में निष्पक्ष सुनवाई न मिलने की आशंका जैसे तर्क दिए थे। लेकिन कोर्ट ने इन्हें खारिज कर दिया। चोकसी का यह भी आरोप था कि अभियोजक ने सीसीएफ की रिपोर्ट को एंटवर्प कोर्ट के सामने नहीं रखा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी मानने से इनकार कर दिया। सभी कानूनी औपचारिकताओं का विधिवत पालन किए जाने पर, कोर्ट ऑफ कैसेशन ने अपील खारिज कर दी और चोकसी को 104.01 यूरो का खर्च वहन करने का निर्देश दिया। चोकसी और उनके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक के खिलाफ लगभग 2 अरब डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

## ये छोटे सूअर...देसी अंदाज में Europe के नेताओं पर बुरी तरह भड़के पुतिन

**रूस**

**रक्षा** मंत्रालय की सालाना बैठक में पुतिन ने यूरोपीय नेताओं को सीधे सीधे पिगलेट्स यानी कि यंग पिग्स कह दिया। पुतिन ने कहा कि यूरोप के यंग पिग्स अमेरिका के इशारों पर रूस को तोड़ने के सपने देख रहे थे। लेकिन अब वो सपना पूरी तरह चकनाचूर हो चुका है। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों को उम्मीद थी कि रूस को कुछ ही समय में घुटनों पर ला दिया जाए। उसे टुकड़ों में बांट दिया जाएगा। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पुतिन ने साफ शब्दों में कहा कि पिछली अमेरिकी सरकार खासतौर बाइडन के दौर में यूरोप के यह नेता रूस के पतन से फायदा उठाना चाहते थे। पुराने हिसाब किताब का बदला लेना चाहते थे। नाटो देशों पर पुतिन ने एक और बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेटो जानबूझकर झूठ फैला रहा है कि रूस यूरोप पर हमला करने वाला है। पुतिन ने कहा कि यह सरासर बकवास है। रूस का यूरोप पर हमला करने का कोई इरादा नहीं। लेकिन डर का माहौल बनाकर अपने लोगों को भड़काया जा रहा है। हालांकि पुतिन ने यह भी चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन और उसके पक्ष में समर्थक बातचीत के मेज पर गंभीरता से नहीं आए ।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## रूस से खरीदा तेल तो लगेगा तगड़ा टैरिफ, अमेरिकी सीनेट में आया नया बिल

**अमेरिका**

**अमेरिकी** सीनेटरों के एक समूह ने एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इसका मकसद उन विदेशी कंपनियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाना है जो रूस से तेल खरीदना जारी रखती है। अमेरिका का कहना है कि रूस इन पैसो का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने में करता है। ओहियो के रिपब्लिकन सीनेटर जॉन हस्टेड द्वारा पेंसिल्वेनिया के सीनेटर डेव मैककॉर्मिक, मैसाचुसेट्स की सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन और डेलावेयर के सीनेटर क्रिस्टोफर कून्स के साथ मिलकर पेश किया गया 'डिक्रीजिंग रशियन ऑयल प्रॉफिट्स (डीआरओपी) एक्ट ऑफ 2025' अमेरिकी सरकार को रूसी पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले विदेशी व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है।

सीनेटर जॉन हस्टेड ने कहा कि यह विधेयक दुनिया को स्पष्ट संदेश देता है कि रूसी तेल खरीदना जारी रखने के परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस उन देशों के पाखंड को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी जो विश्व मंच पर व्लादिमीर पुतिन के कार्यों की निंदा करते हैं, जबकि संदिग्ध तेल खरीद के माध्यम से उनकी युद्ध मशीन को वित्त पोषित करते हैं। प्रस्तावित कानून के तहत, कुछ सीमित शर्तों के तहत देशों को प्रतिबंधों से छूट मिल सकती है, जिनमें यूक्रेन को सैन्य या आर्थिक सहायता प्रदान करना शामिल है।

इस उपाय का उद्देश्य अमेरिकी सहयोगियों और व्यापारिक साझेदारों को



रूसी ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भरता कम करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। हस्टेड ने कहा कि अगर हमारे सहयोगी और व्यापारिक साझेदार तेल खरीदना चाहते हैं, तो वे अमेरिकी तेल खरीद सकते हैं। जो देश रूसी तेल खरीदने पर अड़े हैं, यह विधेयक उन्हें यूक्रेन को समर्थन देने के लिए प्रोत्साहित करेगा। विधेयक के समर्थकों ने यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के बाद से लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल की निरंतर वैश्विक मांग की ओर इशारा किया।

चीन, भारत, तुर्की और ईरान, जिनमें तथाकथित गुप्त सैन्य बेड़े भी शामिल हैं, रूसी तेल के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से हैं। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि हालांकि लगभग सभी यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सहायता प्रदान की है, फिर भी कई यूरोपीय देश क्रेमलिन से तेल खरीदते हैं, जिससे रूस के युद्ध को वित्तपोषित करने में मदद मिलती है।